उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी.....

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

वर्ष: 10 || अंक:36 || पृष्ठ: 8 || मूल्य 2:00/- रुपए || कानपुर || सोमवार || 06अक्टूबर 2025



अंदर के पृष्ठों पर

गांधीजी के महात्मा कहलाने की कहानी में कानपुर... चंपारण आंदोलन से भी जुड़े हैं तार 3

डीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्वालटोली का किया औचक निरीक्षण 8

# दार्जिलिंग में भूस्खलन का कहर, 17 से ज्यादा मौतें

## » मलबे में दबे दर्जनों, पीएम-सीएम ने जताया दुख,बचाव अभियान में भारी बाधा आ रही

» बीपीएस न्यूज

**दार्जिलिंग। शनिवार को दार्जिलिंग जिले में लगातार भारी बारिश के कारण हुए विनाशकारी भूस्खलन में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई है। यह संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि बचाव दल क्षतिग्रस्त घरों की तलाशी ले रहे हैं। भूस्खलन से कई घर ढह गए हैं, महत्वपूर्ण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, और दूरदराज के कई गांवों का संपर्क टूट गया है।**



उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा ने स्थिति को चिंताजनक बताते हुए प्रारंभिक रिपोर्टों के आधार पर मृतकों की संख्या 17 बताई है। हालांकि, अलग-अलग एजेंसियां और अधिकारी अलग-अलग आंकड़े दे रहे हैं, एनडीआरएफ के आंकड़ों में अब तक नौ मौतों की पुष्टि हुई है, जबकि दो लोग अभी भी लापता हैं।

भूस्खलन से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में मिरिक झील क्षेत्र, सरसली, जसबीरगांव और धार गांव शामिल हैं। जिला प्रशासन, पुलिस, आपदा प्रतिक्रिया दल और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल मिरिक झील क्षेत्र सहित सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत अभियान चला रहे हैं।

भूस्खलन और सड़क धंसने के कारण मिरिक-सुखियापोखरी मार्ग जैसे महत्वपूर्ण पहाड़ी मार्गों पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिससे कई अंदरूनी गांवों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लगातार बारिश के कारण इलाका फिसलन भरा हो गया है, जिससे खोज और बचाव अभियान में भारी बाधा आ रही है। मिरिक के बिष्णुलाल गांव और जसबीर गांव के कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, और स्थानीय प्रशासन द्वारा अस्थायी राहत शिविर स्थापित किए गए हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस भीषण आपदा पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, कल रात उत्तर बंगाल में अचानक 12 घंटों में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई, और साथ ही भूटान तथा सिक्किम से संकोश नदी में अत्यधिक पानी का प्रवाह हुआ, जिससे आपदाएं आईं। उन्होंने जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और तत्काल सहायता का वादा किया।

इस बीच, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दार्जिलिंग और कलिम्पोंग सहित उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने 6 अक्टूबर तक अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान जताया है, जिसके कारण अधिकारियों ने आने वाले दिनों में नए भूस्खलन और सड़कों के और जाम होने की चेतावनी दी है।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने व्यक्त किया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुखद जनहानि है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और बचाव कार्यों की सफलता की प्रार्थना की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दार्जिलिंग में हुई मौतों से उन्हें गहरा दुख हुआ है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा,दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हम प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पीएम मोदी ने नेपाल में हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में भारी बारिश के कारण हुई जान-माल की क्षति पर रविवार को दुख जताते हुए कहा कि एक मित्र पड़ोसी एवं सबसे पहले मदद देने वाले देश के रूप में भारत हर प्रकार की आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ।मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नेपाल में भारी बारिश के कारण हुई जान-माल की क्षति दुखद है। हम इस कठिन समय में नेपाल के लोगों और उसकी सरकार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि एक मित्रवत पड़ोसी और सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले के रूप में भारत आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पूर्वी नेपाल में विभिन्न स्थानों पर कल रात से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ आई, जिसके कारण रविवार सुबह तक कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई। सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के प्रवक्ता कालिदास धौवजी ने बताया कि पिछले दो दिनों में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण कोशी प्रांत में इल्लम जिले के विभिन्न स्थानों पर कम से कम 37 लोगों की मौत हुई है। एनडीआरआरएमए द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि मानसून काउंटर कमांड पोस्ट के निर्णय के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों के बीच में रुकी आपातकालीन सेवाओं, माल परिवहन, यात्री वाहनों और छोटी दूरी के वाहनों को स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय में सड़कों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपने गंतव्य की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी। हलांकि, अगले आदेश तक जोखिम भरी सड़कों और राजमार्गों पर रात में वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है।

नेपाली अधिकारियों ने शनिवार को लगातार बारिश और अगले 3 दिनों तक भूस्खलन की संभावना के कारण काठमांडू से वाहनों के प्रवेश और निकास पर प्रतिबंध लगा दिया। बागमती और पूर्वी राप्ती नदियों के आसपास के क्षेत्रों के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया गया।

# भाजपा के कहने पर नीतिश कुमार के खाने में मिलावट हो रही : तेजस्वी यादव

» बीपीएस न्यूज

**पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कथित 'असामान्य' व्यवहार पर तेजस्वी यादव ने उनके मानसिक स्वास्थ्य और सरकार चलाने की योग्यता पर गंभीर संदेह व्यक्त किए हैं। राजद नेता ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ करीबी सहयोगी भाजपा के इशारे पर नीतीश के खाने में मिलावट कर रहे हैं, जिससे बिहार की सत्ता में बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।**



राजद नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक वर्चुअल समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कथित अनियमित व्यवहार को लेकर उन पर सीधा हमला किया है। यादव ने इस घटना को आधार बनाते हुए मुख्यमंत्री के मानसिक स्वास्थ्य और सरकार चलाने की क्षमता पर गंभीर संदेह व्यक्त किए हैं। राजद नेता ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ करीबी सहयोगी भाजपा के इशारे पर नीतीश के खाने में मिलावट कर रहे हैं ।पूर्व उप-मुख्यमंत्री और वर्तमान में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने अपने एक्स हैंडल पर नई दिल्ली में आयोजित उस समारोह का वीडियो साझा किया, जिसमें मुख्यमंत्री अपने आवास से वर्चुअली शामिल हुए थे ।अपने सोशल मीडिया पोस्ट में, यादव ने कहा, एक प्रदेश के मुख्यमंत्री को इस दयनीय स्थिति में देख आपको कैसा लग रहा है? क्या अजीब हरकते करते मानवीय मुख्यमंत्री जी आपको मानसिक रूप से स्वस्थ दिखाई दे रहे है?

तेजस्वी ने एक बड़ा आरोप लगाते हुए पूछा, क्या मुख्यमंत्री की इस मानसिक स्थिति के लिए उनके करीबी सहयोगियों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जो गठबंधन सहयोगी भाजपा के कहने पर उनके खाने में मिलावट कर रहे होंगे?

# दुकान पर काम से मना करने पर किशोर की गोली मारकर हत्या

गोंडा। इटियाथोक इलाके के गांधी चबूतरा चौराहे के पास यूरिया पंप की दुकान के सामने शनिवार देर शाम इटियाथोक के भवानीपुर खुर्द के बंधुकपुरवा निवासी मंगलदेव (15) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि खरगूपुर के महादेवा कला स्थित पंप संचालक की दुकान पर काम करने से मना करने पर हत्या की गई। पुलिस ने हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर पंप संचालक को हिरासत में लिया है ।भवानीपुर खुर्द के बंधुकपुरवा निवासी रामशंकर वर्मा ने इटियाथोक थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा मंगलदेव गांधी चबूतरा के पास संजय कुमार यादव की जलपान की दुकान पर काम करता था। शनिवार को तबीयत खराब होने से दुकान नहीं गया तो शाम करीब चार बजे संजय यादव बेटे को मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचे तो बेटा खून से लथपथ होकर तड़प रहा था। वहां पहुंची पुलिस एंबुलेंस से उसे इटियाथोक सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक, मंगलदेव के सीने में गोली मारी गई। आरोप है कि संदीप मिश्र अपनी यूरिया पंप की दुकान पर काम करने के लिए मंगलदेव पर दबाव बना रहा था। उसने काम करने से मना कर दिया। ऐसे में गोली मारकर हत्या कर दी गई ।घटना के बाद मंगलदेव को तड़पता देखकर स्थानीय लोगों ने इटियाथोक पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि रामशंकर वर्मा की तहरीर पर खरगूपुर के महादेवा कला निवासी संदीप मिश्र के खिलाफ हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# मप्र के छिंदवाड़ा में 11 बच्चों की मौत के बाद कफ सिरप लिखने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

## » स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीएमओ डॉ. अंकित सल्लाम की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई

» बीपीएस न्यूज

**छिंदवाड़ा/भोपाल। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में परासिया क्षेत्र के कफ सिरप से 11 बच्चों की मौत के बाद आखिरकार प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार देर रात परासिया थाना में डॉ. प्रवीण सोनी और श्रेसन फार्मास्युटिकल कंपनी (कांचीपुरम, तमिलनाडु) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा बनाई गई स्पेशल पुलिस टीम ने छिंदवाड़ा के कोतवाली थाना क्षेत्र के राजपाल चौक से डॉक्टर प्रवीण सोनी को देर रात गिरफ्तार कर लिया। इसी डॉक्टर ने बच्चों को घातक कफ सिरप लिखा था। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीएमओ डॉ. अंकित सल्लाम की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है।**



दरअसल, शनिवार को तमिलनाडु से कफ सिरप के सैंम्पलों की जांच प्राप्त हुई थी। कोल्ड्रिफ कफ सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकोल की मात्रा अधिक होने की पुष्टि के बाद बीएमओ डॉ. सल्लाम की शिकायत पर पुलिस ने डॉक्टर प्रवीण सोनी और कंपनी के खिलाफ बीएनएस धारा 276 (औषधियों में मिलावट),बीएनएस धारा 105(3) (आपराधिक मानव वध) और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 की धारा 27(ए)(द्भद्भद्ब) और 26 के तहत मामला दर्ज किया है। इसमें 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। इसके बाद शनिवार देर रात पुलिस ने कफ सिरप लिखने वाले डॉक्टर प्रवीण सोनी को गिरफ्तार कर लिया है।

बीएमओ डॉ. सल्लाम ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डॉक्टर और कंपनी के खिलाफ जांच तेज कर दी है। प्रारंभिक साक्ष्यों के अनुसार, जिस दवा का उपयोग बच्चों के उपचार में किया गया, उसके नमूने परीक्षण के लिए भेजे गए थे। जिसकी रिपोर्ट में दवा को एडलट्रेडेट यानी मिलावटी पाया गया। रिपोर्ट के आधार पर ही एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इस पूरे प्रकरण को बेहद गंभीरता से ले रहा है। बच्चों की मौत की सच्चाई सामने लाने के लिए वैज्ञानिक और चिकित्सकीय दोनों स्तरों पर जांच चल रही है। यदि और किसी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों से अपील है कि बिना डॉक्टरी सलाह के सिरप न दें।

गौरतबल है कि परासिया विकासखंड में किडनी फेल होने से अब तक 11 बच्चों की मौत हो चुकी है और अभी कई बच्चों का अस्पताल में उपचार जारी है। इनमें एक से पांच साल तक के बच्चे शामिल हैं। इन बच्चों को सर्दी, खांसी और बुखार हुआ था।

सभी बच्चे बाल रोग चिकित्सक डॉ.प्रवीण सोनी के क्लिनिक में पहुंचे थे। डॉक्टर ने कई बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सिरप दिया गया था। बच्चों ने दवाई पी और बुखार उतर गया, खांसी ठीक हो गई, लेकिन दो दिन बाद पेशाब बंद हो गई। परिवारवालों ने छिंदवाड़ा से लेकर नागपुर तक इलाज करवाया, लेकिन उनकी जान नहीं बच पाई। आरोप है कि बच्चों की ऐसी हालत डॉक्टर की लिखी कफ सिरप से हुई, जिसे चार साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं देनी थी।

# यूक्रेन पर रूस के हमले में 5 लोगों की मौत

रूस द्वारा शनिवार को रात भर यूक्रेन पर ड्रोन, मिसाइल और बम दागे जाने से कम से कम 5 नागरिकों की मौत हो गई। यह एक बड़ा हमला था, जिसमें नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया ।राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार सुबह बताया कि मॉस्को ने यूक्रेन के 9 क्षेत्रों में 50 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइल और लगभग 500 ड्रोन दागे। क्षेत्रीय अधिकारियों और यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के अनुसार, ल्वीव पर ड्रोन और मिसाइल हमले में 4 लोगों की मौत हो गई ।आपातकालीन सेवा ने बताया कि कम से कम 4 अन्य लोग घायल हुए हैं। ल्वीव के महापौर एंड्री सदोवी ने बताया कि हमले के कारण रविवार तड़के दो जिलों में बिजली गुल हो गई। सार्वजनिक परिवहन कुछ घंटों के लिए बाधित रहा ।हमले के कारण ल्वीव के बाहरी इलाके में एक व्यावसायिक परिसर में आग भी लग गई।



## अपनी बात....

सपादकीय .............

# आसुरी प्रवृत्तियों के खिलाफ खड़े हों हम

भारत में वर्षा ऋतु की राहत–आफत के बाद पर्व–त्योहार और प्रेरक आयोजनों की जो श्रृंखला शुरू होती है, वह पूरे समाज को ऊर्जावान बना जाती है। जिन जुमलों के साथ आज राजनेता चमकने की कवायद करते हैं, उनके निहितार्थ पहले से ही हमारे सांस्कृतिक मूल्यों में विद्यमान हैं। कन्या–पूजन की परंपरा में स्वतः ही 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से आगे जाकर, उसे गरिमामय स्थान देने की प्रेरणा नवरात्र में गहरे संदेश के साथ निहित है। रामलीलाओं में उदात्त पारिवारिक मूल्यों की स्थापना का संदेश है। लंकादहन इस बात का निष्कर्ष है कि भोग–विलासिता के साधन क्षणभंगुर हैं। रावण का ऊंचे कद का पुतला स्वाह होने से पहले संदेश दे जाता है कि बुराई का अंत निश्चित है। यह बात अलग है कि हमने इन पर्वों का मर्म समझने के बजाय इन्हें महज प्रतीकों तक सीमित कर दिया है। यही वजह है कि देश में हर साल लाखों रावण दहन के बावजूद समाज में रावण संस्कृति के अवशेष फलते–फूलते जाते हैं। अगले साल फिर सबसे ऊंचा रावण बनाने की होड़ रहती है। वैसे रावण के व्यक्तित्व के नकारात्मक व सकारात्मक, दोनों ही पक्ष भारी हैं। हाल के वर्षों में कई संगठन और जातीय समूह देश में खड़े हुए हैं जो उसे प्रकांड विद्वान और जीवटता का धनी बताते हैं। बहरहाल, भारतीय समाज में रावण को व्यक्ति के बजाय नकारात्मक प्रवृत्ति के प्रतीक के रूप में चित्रित किया गया है। कहा जाता है कि रावण, दहन के वक्त अट्टहास करता नजर आता है। दहन के वक्त पटाखों की रोशनी में उसके दांत चमकते दिखते हैं, जैसे वह हंस रहा हो कि मैं मरा कहां हूं। मैं तो लाखों छोटे–छोटे रावणों के रूप में समाज में विद्यमान हूं। जैसे कह रहा हो कि त्रेता युग में भगवान शिव से मिला अमरता का वरदान व्यर्थ नहीं गया है। वह कलियुग में फलीभूत हो गया है। वह तमाम नकारात्मक प्रवृत्तियों के रूप में समाज में विद्यमान है।आज हर सुबह मीडिया में तैरती तमाम नकारात्मकता व मानवता के खिलाफ हिंसा की खबरें सुर्खियां बनी होती हैं। आसुरी सोच न मरती है और न ही जलती है, बल्कि साल–दर–साल और ताकतवर होकर हमारे भीतर विराजमान हो जाती है। शायद इसी वजह से हर साल जलते वक्त रावण अट्टहास करता प्रतीत होता है। दरअसल, दशहरे पर पुतलों के दहन का प्रतीकात्मक महत्व है। इस अवसर पर लगने वाले मेले लोक संस्कृति के प्रतीक हैं। ये जीवन की एकरसता तोड़ने का उपक्रम हैं। हमारे छोटे–छोटे दुकानदारों, पुतले बनाने वाले कारीगरों तथा अन्य लाखों लोगों के अंशकालिक रोजगार का जरिया भी हैं। इन पुतलों को बनाने वाले लाखों कारीगरों की सालभर की कमाई इस आयोजन से होती है। रावण के साथ मेघनाद व कुंभकरण के पुतले भी जलाए जाते हैं। मेघनाद दंभ व अहंकार का प्रतीक है, तो पौराणिक मान्यताओं के अनुसार छह माह तक सोने वाला कुंभकरण आलस्य व प्रमाद का प्रतीक है। इन पुतलों का संदेश है कि ऐसे पुत्र व भाई भी विनाश के कारक बन सकते हैं। बहरहाल, इन पुतलों का दहन हमें आत्ममंथन को बाध्य करता है कि क्या हम आज तेजी से आसुरी प्रवृत्तियों से ग्रसित नहीं होते जा रहे हैं?

अहंकार, ईगो के रूप में ताकत का प्रदर्शन, असहनशीलता, घृणा से प्रतिकार, बदले की हिंसा, आर्थिक व राजनीतिक ताकत से कमजोर को दबाने जैसी आसुरी प्रवृत्तियों वाले छोटे–छोटे रावण क्या हमारे चारों ओर विद्यमान नहीं हैं? शक के आधार पर किसी को मारना, कानून को अपने हाथ में लेना, खून के रिश्तों का कत्ल, जीवन भर साथ निभाने वाले रिश्तों में छल, असहनशीलता और बदलाखोरी—इनमें रावणी प्रवृत्तियों का ही तो वास है। सचमुच, आज के दौर में रावण बनना आसान है और राम जैसा बनना असंभव लगता है। दरअसल, रावण न मारने से मरता है और न ही जलाने से जलता है। जब तक हम समाज में एकजुट नहीं होते।

# राजघाट पर खलेगी गांधीवादी कात्सू की कमी

ललित गर्ग

**कात्सू सान कहती हैं, 'मुझे तो दुनिया में कोई अन्य देश नहीं मिला जहां सरकारी कार्यक्रमों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित होती हो। यहां सभी धर्मों का सम्मान होता है।गांधी जयंती पर सुबह राजघाट और फिर शाम को गांधी स्मृति में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में इस बार एक बेहद अहम शख्सियत की कमी खलेगी। बीते आधे से भी अधिक शताब्दी से वह राजधानी में बापू के बलिदान दिवस, जयंती तथा अन्य विशेष सरकारी आयोजनों के अंतर्गत होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में भाग लेती रही हैं। बात है कात्सू सान की।कात्सू सान 2 अक्तूबर तथा 30 जनवरी को राजघाट और फिर तीस जनवरी मार्ग (बिड़ला हाउस) में आयोजित होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का स्थायी चेहरा रही हैं। 88 वर्षीय कात्सू सान की ऊर्जा देखने लायक है। उन्होंने इन प्रार्थना सभाओं के दौरान फखरुद्दीन अली अहमद, शंकर दयाल शर्मा, के.आर. नारायणन, ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, प्रतिभा सिंह पाटिल, प्रणब मुखर्जी, रामनाथ कोविंद जैसे राष्ट्रपतियों तथा श्रीमती इंदिरा गांधी से लेकर नरेंद्र मोदी तक के समक्ष बौद्ध धर्म ग्रंथों से प्रार्थना की है।**



वह बीते कई महीनों से अस्वस्थ हैं। छोटे कद की कात्सू सान को देश की सबसे बुलंद गांधीवादी के रूप में देखा जाता है। सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में हिन्दू, इस्लाम, पारसी, सिख, बहाई, यहूदी धर्मों के धार्मिक ग्रंथों से पाठ होता है। कात्सू सान के नेतृत्व में ही सर्वधर्म प्रार्थना होती रही है। उन्हें सभी 'कात्सू बहन' कहते हैं। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों के प्रति उनकी निष्ठा निर्विवाद है।

कात्सू सान मूलतः जापानी नागरिक हैं। वे 1956 में भगवान बुद्ध के देश भारत आई थीं ताकि उन्हें और गहराई से जान सकें। एक बार यहां आने के बाद उनका गांधीवाद से भी साक्षात्कार हुआ। इसके बाद उन्होंने भारत में ही बसने का निर्णय ले लिया।

सर्वधर्म प्रार्थना का विचार गांधी जी ने ही संसार को दिया था। उनके जीवनकाल में ही यह आरंभ हो गई थी। उनके संसार से विदा लेने के बाद भी 2 अक्तूबर, 30 जनवरी तथा अन्य विशेष अवसरों पर सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाती हैं।

कात्सू सान को कुछ लोग 'मां जी' भी कहते हैं, और कुछ उन्हें 'कात्सू बहन' कहते हैं। उनसे मिलकर ऐसा प्रतीत होता है जैसे आप अपनी मां का आशीर्वाद ले रहे हों। उनसे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी मिलते हैं। इंदिरा गांधी उनके साथ खड़ी हो जाती थीं, नरेन्द्र मोदी भी उनका हालचाल पूछते रहे हैं। वे बीते कई महीनों से बीमार हैं। कात्सू सान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए राजधानी में रहने वाले तमाम गांधीवादी प्रार्थना कर रहे हैं। कात्सू सान के ही प्रयासों से राजधानी में विश्व शांति स्तूप की स्थापना हुई। कात्सू सान धारा प्रवाह हिंदी बोलती हैं। उन्होंने हिंदी काका साहेब कालेकर से सीखी थी। मुस्कान उनके चेहरे का स्थायी भाव है।

कात्सू सान उन गांधीवादियों में शामिल हैं जो विश्व बंधुत्व, प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए भारत के गांवों, कस्बों, शहरों और महानगरों में भ्रमण करती हैं। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों के प्रति उनकी निष्ठा निर्विवाद है। अब उन्हें भारत अपना देश लगता है। उन्हें भारत के कण–कण में पवित्रता दिखाई देती है। वे भारत को संसार का आध्यात्मिक 'विश्वगुरु' मानती हैं। कात्सू सान के अनुसार, भगवान बुद्ध और गांधी जी के मार्ग एक ही दिशा में ले जाते हैं। दोनों सदैव प्रासंगिक रहने वाले हैं। दोनों का जीवन पीड़ा को कम करने और समाज से अन्याय को दूर करने के लिए समर्पित था।

कात्सू सान कहती हैं, 'मुझे तो दुनिया में कोई अन्य देश नहीं मिला जहां सरकारी कार्यक्रमों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित होती हो। यहां सभी धर्मों का सम्मान होता है। 'ब्रदर सोलोमन ने कई बार सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में कात्सू बहन के साथ भाग लिया है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े ब्रदर सोलोमन जॉर्ज को कात्सू सान में अपनी मां का अक्स दिखाई देता है। जॉर्ज सोलोमन के अनुसार महात्मा गांधी की सर्वधर्म प्रार्थनाओं में ईसाई प्रार्थना का समावेश पहले दिन से ही हो गया था। गांधी जी का ईसाई धर्म, बाइबिल और मिशनरियों के कार्य से साक्षात्कार तब हुआ जब वे दक्षिण अफ्रीका में रह रहे थे। वे कहते हैं कि भारत में सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का सरकारी आयोजनों में भी सम्मिलित होना इस बात की गवाही है कि यह देश सभी का है। सर्वधर्म प्रार्थना का विचार वास्तव में बहुत बड़ा और व्यापक है। यह एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि भारत में सभी धर्मों को मानने वाले लोग एक साथ बैठकर अपने धर्मग्रंथों के मूल संदेश साझा कर सकते हैं।

बहाई धर्म की प्रार्थना को 1985 में सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल किया गया। बहाई प्रार्थना का पाठ करने वाले डॉ. ए.के. मर्चेंट का कहना है कि बहाई प्रार्थना को सर्वधर्म प्रार्थना सभा से जोड़ने का श्रेय प्रख्यात गांधीवादी श्रीमती निर्मला देशपांडे को जाता है। महात्मा गांधी ने सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का सबसे पहला आयोजन राजधानी के वाल्मीकि मंदिर में किया था। उस समय देश में सांप्रदायिक दंगे हो रहे थे। गांधी जी की यह इच्छा थी कि इस पहल के माध्यम से विभिन्न धर्मों के अनुयायी एक–दूसरे के धर्म और उनकी शिक्षाओं को समझ सकें। गांधी जी 1 अप्रैल, 1946 से 10 जून, 1947 तक वाल्मीकि मंदिर में रहे। बाद में वे बिड़ला मंदिर में स्थानांतरित हुए, लेकिन सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं वहां भी जारी रहीं। उम्मीद है कि कात्सू सान आगामी 30 जनवरी को गांधी जी के बलिदान दिवस पर आयोजित प्रार्थना सभा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर गर्वान्वित है सम्पूर्ण भारत

# थाई-फिजी जैसे छोटे राष्ट्र आज सनातन की वजह से समृद्ध

राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी

पंकज सीबी मिश्रा

**विश्व में सनातन को सर्वश्रेष्ठ बताने वाले में केवल भारत ही नहीं अपितु थाईलैंड और फिजी जैसे कुछ छोटे और समृद्ध देश भी है जिनका मानना है कि सनातन संस्कृति को धरोहर के रूप में सहेजने के कारण ही आज यह स्थिति बनी है कि ये दोनों छोटे राष्ट्र प्रगति और आर्थिक सम्पन्नता की दृष्टि से अन्य छोटे देशो बांग्लादेश नेपाल श्रीलंका इत्यादि से काफी बेहतर है। वाराणसी की लोकप्रिय संस्था ब्रह्मराष्ट्र एकम का प्रथम इंडिया-थाई सनातन धर्म सम्मेलन फ़वसुधैव कुटुम्बकम्फ़ का शंखनाद 5 अक्टूबर को थाईलैंड में संपन्न हुआ।**



संस्था द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार रविवार को बैंकॉक (थाईलैंड) में 5 अक्टूबर 2025 – ब्रह्मराष्ट्र एकम विश्व महासंघ द्वारा आयोजित प्रथम इंडिया–थाई सनातन धर्म सम्मेलन थाईलैंड में एक ऐतिहासिक संदेश देने का कार्य किया । यह आयोजन केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि फ़वसुधैव कुटुम्बकम् – विश्व एक परिवार हैफ़ के दिव्य संकल्प को साकार करने का प्रयास रहा । इस सम्मलेन के पीछे का मूल उद्देश्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि भारत की सबसे सर्वश्रेष्ठ और समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अर्थात आरएसएस नें अपने स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश किया। डॉ हेडगेवार, वीर सावरकार और नरेन्द्र मोदी जैसे महान व्यक्तित्व जो इसी संघ की देन है जिनके प्रयास से आज भारत विश्व पटल पर चमक रहा।

ब्रह्मराष्ट्र एकम् जैसी राष्ट्रसेवा की मूल भावना वाली एवं धरातल पर उतर कर जनसेवा करने वाली संस्था भी आज संघ के नक्से कदम पर चल रही। ब्रह्मराष्ट्र एकम् संस्था के संस्थापक वर्तमान में श्रीकुल पीठाश्वर श्री श्री 1008 डॉ सचिन्द्र नाथ जी महाराज ( पूर्व में डॉ सचिन मिश्र ) नें संस्था की शुरुआत जनसेवा और सनातन धरोहर संरक्षण के उद्देश्य से किया जो धीरे – धीरे देश में हरिद्वार उज्जैन असम जैसे राज्यों में सनातनी अधिवेशनो से होता हुआ आज थाईलैंड की भूमि पर सनातन की पताका लिए खड़ा है जिसका श्रेय इस संस्था से जुड़े आचार्य दिवाकर द्विवेदी गुरूजी, पंडित सतीशचंद्र मिश्र, पंडित रविंद्र मिश्र, उपेंद्र मिश्र और कुशाग्र मिश्र जैसे उन सभी विभूतियों को जाता है जिन्होंने संस्था को निरंतर सहयोग किया है। ब्रह्मराष्ट्र एकम् संस्था से जुड़े रहे और प्रदेश प्रिंट मिडिया के उप –संपादक और पत्रकार पंकज सीबी मिश्रा नें बताया कि भारत और थाईलैंड सहित विश्वभर से जुड़े संत–महात्मा और धर्मगुरु बैंकॉक में एकत्र होकर सनातन का शंखनाद किए । वासुदेव कुटुम्बकम के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है । यह शंखनाद विश्वभर में सनातन संस्कृति की ध्वनि को प्रसारित करेगा और शांति, भाईचारे एवं आध्यात्मिक जागरण का संदेश देगा।

ब्रह्मराष्ट्र एकम्स द्वारा आयोजित सम्मेलन का उद्देश्य यह बताना है कि सनातन संस्कृति केवल पूजा–पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है। ध्यान और योग को सच्चे विकास का आधार मानना। अध्यात्म को आत्मा और ईश्वर के बीच सेतु के रूप में स्थापित करना। ब्रह्मराष्ट्र एकम इस पहल से भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक शक्ति को विश्व के सामने प्रस्तुत कर रहा है। बैंकॉक की यह यात्रा केवल शुरुआत है और आगे चलकर यह आयोजन विश्वभर को जोड़ने वाला धर्म और संस्कृति का महाकुंभ सिद्ध होगा। सभी सनातन संस्कृति के संवर्धन और संरक्षण के लिए संकल्पित होकर सुख, शांति और समरसता को बढ़ावा देंगे। सनातन का उद्देश्य सदगुण, सदाचार और सद्वृत्तियों का प्रवेश ही जीवन में दैवत्व घटित हो जाना है। महत्वपूर्ण यह नहीं है कि आप विशिष्ट बनें अपितु यह है कि आप शिष्ट बनें।

यदि आप सदाचार युक्त, नीति युक्त, धर्ममय एवं निष्ठापूर्वक जीवन जीते हैं तो सत्य समझना आप दैवीय जीवन ही जीते हैं। देवता केवल वे नहीं जिन्होंने स्वर्ग में घर बनाया है अपितु वे हैं जिन्होंने घर को ही स्वर्ग बनाया है। हम सबको अपने जीवन में सदैव महान बनने की अपेक्षा एक अच्छे इंसान बनने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। जहाँ एक अच्छे और सच्चे इंसान का निर्माण होता है, महान बनने की प्रक्रिया भी वहीं से प्रारम्भ होती है। जीवन में एक अच्छा इंसान बनना ही महान बनना भी है। मनुष्य जन्म मिलना कोई बड़ी बात नहीं अपितु जीवन में मनुष्यता का जन्म होना, यह बहुत बड़ी और दुर्लभ बात है। मानवता ही जीवन की श्रेष्ठता भी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे थाईलैंड के राजशाही कुलगुरु परिवार के अचान श्री फा खरु विबुन धम्मथात, वचीराधाधम्मवस मंदिर बैंकाक थाईलैंड और कार्यक्रम के आयोजक पूज्य गुरु श्री श्री 1008 डॉ सचिन्द्र नाथ जी महाराज और श्रीकुल सहित पूर्ण संस्था परिवार रहा।




## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओ के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 8423454502,
bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओ को सूचित किया जाता है कि बीपीएस न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

- संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओ, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

संपर्क करें -ःमो.ः 8423454502
email:bps.knp786@gmail.com

## अमेजर शरीफ में जियारत करने और इलाज के बाद राजनीतिक रूप से सक्रिय होंगे इरफान



कानपुर। मंगलवार को जेल से रिहा होने के बाद पूर्व विधायक इरफान सोलंकी से उनके आवास पर मिलने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार देर रात करीब तीन बजे घर पहुंचने पर बड़ी तादाद में समर्थकों ने उनका स्वागत किया था। बुधवार को भी पार्टी के विधायकों, पदाधिकारियों और शहरवासियों ने इरफान से मुलाकात की। पूर्व विधायक के मुताबिक वह शनिवार तक अजमेर शरीफ के लिए रवाना होंगे। वहां जियारत कर लौटने के बाद एम्स में इलाज के लिए जाएंगे। जेल में रहने के दौरान उनके पैरों में दिक्कत हो गई है। इरफान आठ अक्तूबर के बाद किसी दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलने लखनऊ भी जा सकते हैं। इसके बाद वह सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का शुक्रिया अदा करने के साथ ही राजनीतिक रूप से सक्रिय हो जाएंगे।

हाजी मुश्ताक रहे हों या इरफान चुनाव जीतने के बाद मतगणना स्थल से ही अमजेर शरीफ के लिए रवाना हो जाते थे। इस बार विधायक का चुनाव जीतने के बाद नसीम सोलंकी अजमेर शरीफ नहीं गई थीं।

उन्होंने कहा था कि वह पति के साथ ही वहां जाएंगी। अब जब इरफान 34 माह बाद जेल से आए हैं तो वह पुरानी रवायत को निभाते हुए राजनीतिक सक्रियता से पहले अजमेर शरीफ जाएंगे। उनके साथ नसीम और परिवार के अन्य लोग भी जाएंगे।

# गांधीजी के महात्मा कहलाने की कहानी में कानपुर... चंपारण आंदोलन से भी जुड़े हैं तार

कानपुर। गांधीजी का पहला सफल आंदोलन था बिहार के चंपारन का, जिसकी नींव कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के प्रताप अखबार कार्यालय में रक्खी गई थी और साथ ही गांधी जी के फ्रमहात्माफ्र कहलाने की कहानी भी यहीं से शुरू हुई।दस्तावेज और पुस्तकों के मुताबिक दिसंबर 1916 में लखनऊ में कांग्रेस का अधिवेशन था। वहां चंपारण के किसान राजकुमार शुक्ला भी पहुंचे और किसानों पर अत्याचार की बात अपने भाषण में बताई। साथ ही गांधीजी को चंपारण आने का न्योता दिया, लेकिन गांधीजी ने अनमने ढंग से हां में सिर हिला दिया। 31 दिसंबर 1916 को गांधीजी गणेश शंकर विधार्थी के आमंत्रण पर पहली बार कानपुर आए तो पीछे से राजकुमार शुक्ला भी आ गए और फिर 1 जनवरी 1917 को प्रताप प्रेस कार्यालय, जहां गांधी जी ठहरे थे, वहां राजकुमार शुक्ला ने उनसे भेंट कर चंपारन चलने की बहुत जिद की।कानपुर इतिहास समिति के सचिव अनूप शुक्ल बताते हैं कि तब विधार्थी जी ने गांधी जी को चंपारन किसानों पर हो रहे अत्याचार की वास्तविकता बताते हुए प्रताप अख़बार पर छपी वहां की ख़बरें दिखाई। चंपारन से प्रताप अखबार के लिए मीर मोहम्मद मुनीश रिपोर्टिंग करते थे। यह सब पढ़ने और राजकुमार शुक्ला से पूरी बात सुनने के बाद गांधी जी गंभीर हो गए और चंपारण जाने को तैयार हो गए। वहीं बैठकर इस मुद्दे पर विचार-विमर्श किया और आंदोलन की रुपरेखा बनाई। इसके बाद गांधी जी अप्रैल 1917 को चंपारण पहुंचे और किसानों के हालात देख द्रवित हो गए। नील की खेती के दबाव और अंग्रज हुकूमत का किसानों पर अत्याचार चरम पर था। गांधी जी ने वहीं प्रवास का निर्णय लिया, किसानों और सभी को संगठित कियाद्य सत्याग्रह शुरू किया और फिर आंदोलन ने बड़ा रूप ले लिया, जिसकी गूंज पूरे देश तक पहुंच गईद्य वहीं राजेंद्र प्रसाद जी से गांधी जी की मुलाक़ात हुई और फिर वह भी आंदोलन में कूद पड़ेद्य उन्होंने किसानों के मुक़दमें लड़े। अंग्रेज हुकूमत हिल गई और उसे झुकना पड़ाद्य किसी हद तक किसानों की मांगे पूरी हुईं और इस



सफल आंदोलन के बाद गांधी जी पूरे देश में छा गएद्य राजेंद्र बाबू ने यहीं गांधी जी को पहली बार महात्मा कह कर सम्बोधित किया फिर वहीं से एक नए गांधी का प्रदुर्भाव हुआ, जिसने आज़ादी की इबारत लिखी। सात बार आए, 22 दिन प्रवास किया...गांधी जी सात बार कानपुर आए और इस दौरान 22 दिन प्रवास किया। वह कांग्रेस अधिवेशन, स्वदेशी स्टोर के उद्घाटन, स्वदेशी प्रदर्शिनी और तिलक हाल के उद्घाटन के लिए भी आए। वह हसरत मोहानी, नारायण प्रसाद अरोड़ा और मुरारी लाल, गणेश शंकर विद्यार्थी जी से अक्सर विचार-विमर्श करते थे।

# श्रेयस और प्रियांश ने बनाए शतक, भारत ए 171 रन से जीता मैच

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ग्रीनपार्क में खेले गए पहले वनडे मैच में भारत ए ने 171 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। कप्तान श्रेयस अय्यर और विकेटकीपर बल्लेबाज प्रियांश आर्या ने शतक बनाए। भारत-ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में छह विकेट पर 413 रनों का रिकॉर्ड स्कोर बनाया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 33.1 ओवर में 242 रन पर सिमट गई। टीम से मैकेंजी हार्वे ने 68 और विल सदरलैंड ने 50 रन बनाए। भारत-ए की ओर से गेंदबाजी में निशांत सिंधु ने चार विकेट अपने नाम किए।टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत-ए टीम के ओपनर प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने धमाकेदार शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 20.3 ओवर में 135 रनों की शतकीय साझेदारी की। इस जोड़ी को टॉम स्ट्रैकर ने प्रभसिमरन को लैचन शॉ के हाथों कैच कराकर तोड़ा।

प्रभसिमरन ने 53 गेंदों में छह चौकों व दो छक्कों की मदद से 56 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए श्रेयस अय्यर ने आते ही चौके और छक्के लगाए। इसी बीच शतकीय पारी खेलने वाले प्रियांश आर्या छक्का मारने के प्रयास में बाउंड्री पर खड़े कूपर कोनोली को कैच दे बैठे। आउट होने से पहले प्रियांश ने 84 गेंदों में 11 चौके और पांच छक्कों की मदद से 101 रन की शतकीय पारी खेली। इसके बाद आए रियान पराग ने तेजी से रन बढ़ाना शुरू किया।

वहीं दूसरे छोर पर अय्यर ने भी 50 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 91 गेंदों में 132 रन की शतकीय साझेदारी हुई। 307 रनों के स्कोर पर रियान के रूप में तीसरा विकेट गिरा। टॉड मर्फी की गेंद पर उनका कैच जैक फ्रेजर ने पकड़ा।रियान ने 42 गेंदों पर पांच चौके व पांच छक्के लगाए। इसी बीच अय्यर ने 79 गेंदों पर 10 चौकों व चार छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया।

अय्यर की पारी का अंत लियान स्कॉट ने किया, उनका कैच बाउंड्री पर मैकेंजी हार्वे ने लपका।

# राजकीय इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्राओं को दी गई व्यक्तिगत सुरक्षा की जानकारी

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत व्यक्तिगत सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्या मंगलम गुप्ता एवं डॉ. दीप्ति वर्मा के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1098, 112, 1090 और 181 के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति स्कूल आते-जाते समय परेशान करता है या किसी भी प्रकार की बाधा पहुँचाता है तो तत्काल इन नंबरों पर शिकायत की जा सकती है।छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए जूडो-कराटे जैसे प्रशिक्षण अपनाने की प्रेरणा दी गई। साथ ही सुझाव दिया गया कि रोज़मर्रा की पढ़ाई के साथ अपने बैग में सुरक्षा के छोटे साधन, जैसे सेफ्टी पिन आदि भी रखा जा सकता है।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में भी बताया गया। कहा गया कि जिन बच्चों के माता-पिता में से किसी एक का देहांत हो गया हो, वे इस योजना के तहत आवेदन कर शिक्षा जारी




रख सकते हैं। इसके अलावा बाल विवाह, बाल श्रम और घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर भी छात्राओं को जागरूक किया गया।इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग से जिला मिशन समन्वयक मोनिका यादव, जेंडर स्पेशलिस्ट शैल शुक्ला, रागिनी श्रीवास्तव सहित विद्यालय की छात्राएं, अध्यापिकाएं और पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।



# मिशन शक्ति 5.0.. 8 अक्टूबर को 14 लाख महिलाओं को खिलाई जाएगी आयरन की लाल गोली

**» मिशन शक्ति 5.0 तथा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत संचालित होगा एनीमिया मुक्त कानपुर अभियान**

**लाल गोली है सेहत की डोरी, जरूर खायें, कानपुर को एनीमिया मुक्त बनाएं : डीएम**

**» बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मिशन शक्ति 5.0 और स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत कानपुर नगर में 8 अक्टूबर को एनीमिया मुक्त कानपुर विशेष अभियान आयोजित होगा। इस महाअभियान का लक्ष्य जिले की 14 लाख महिलाओं को आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) की लाल गोली खिलाकर खून की कमी से छुटकारा दिलाना और एनीमिया मुक्त कानपुर के लक्ष्य को साकार करना है।

**महिलाओं की सेहत से जुड़ा बड़ा कदम**

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि गर्भवती और धात्री महिलाओं सहित सभी आयु वर्ग की महिलाओं को यह गोली उपलब्ध कराई जाएगी। एनीमिया महिलाओं की शक्ति और आने वाली पीढ़ियों की सेहत पर गहरा असर डालता है। आयरन की गोली से महिलाओं में खून की कमी दूर होगी, ऊर्जा और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी तथा परिवार सशक्त होगा।हर स्तर पर होंगे सेवन कार्यक्रम एनिमिया मुक्त कानपुर अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों, जहाँ टीकाकरण या स्वास्थ्य गतिविधियाँ चल रही हैं, सभी टैगिंग सत्र स्थल, ग्राम पंचायत भवन एवं वार्ड भवन, ब्लॉक मुख्यालय, खंड विकास कार्यालय, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उपजिलाधिकारी कार्यालय, जिला स्तरीय कार्यालय तथा नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत कार्यालयों पर एक साथ सेवन कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। जिन ग्राम पंचायतों और वार्डों में वीएचएसएनडी सत्र हो रहा है, वहाँ आयरन की गोली उसी मंच से खिलाई जाएगी, जबकि अन्य स्थानों पर विशेष शिविर लगाए जाएँगे।

**कक्षा 1 से 5 तक की छात्राओं को खिलाई जाएगी पिंक गोली**

विद्यालयों में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक की छात्राओं को पिंक गोली, कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की किशोरियों को नीली गोली एवं 18 वर्ष से 49 वर्ष तक की सभी महिलाओं को लाल गोली का सेवन कराया जाएगा।

विभिन्न विभागों के समन्वय से होगा लक्ष्य हासिल–अभियान की सफलता के लिए सभी विभागों को स्पष्ट लक्ष्य दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग को 3 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 2.45 लाख, जिला विद्यालय



निरीक्षक को 2 लाख, पंचायती राज विभाग को 3 लाख, नगर निगम को 1.70 लाख, डूडा को 1.40 लाख, पुलिस विभाग को 20 हजार और आईसीडीएस विभाग को 25 हजार महिलाओं तक आयरन की गोली पहुँचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

आयरन की गोली है जरूरी–जेएसआई की प्रोग्राम ऑफिसर हुदा ज़हरा ने कहा कि महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य से ही स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण होता है। आयरन की यह गोली महिलाओं के जीवन में ऊर्जा और आत्मविश्वास भर देगी। यह केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का भी अभियान है। उन्होंने बताया कि निर्धारित केंद्र पर महिलाओं को आयरन की दस गोली नि:शुल्क दी जाएगी, जिसमें से एक गोली केंद्र पर ही खिलाई जाएगी। शेष गोली महिलाएं घर ले जा सकेंगी और प्रति सप्ताह एक गोली का सेवन करना होगा।कहाँ मिलेगा लाभ–लाभार्थी महिलाओं को आयरन की गोली जिले के सभी विद्यालयों, ग्राम पंचायत एवं वार्ड भवनों, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, नगर निगम और निकाय कार्यालयों, ब्लॉक मुख्यालयों और जिला स्तर के कार्यालयों पर नि:शुल्क दी जाएगी।

निगरानी और अपील–जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे स्वयं भी गोली का सेवन करें और इस अभियान को जनांदोलन का रूप दें। ब्लॉक स्तर पर बीडीओ नोडल अधिकारी बनाए गए हैं और अभियान की सघन निगरानी होगी।

डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने जनपद की महिलाओं से अपील की कि वे 8 अक्टूबर को होने वाले इस विशेष अभियान में अवश्य भाग लें और निकटवर्ती केंद्रों पर जाकर नि:शुल्क आयरन की गोली खाएँ। उन्होंने कहा कि यह केवल एक गोली नहीं, बल्कि आपके और आपके परिवार की सेहत की सुरक्षा है। आपकी सहभागिता ही 'एनीमिया मुक्त कानपुर' बनाने की दिशा में सबसे बड़ा योगदान होगी।

एनीमिया शरीर में खून की कमी या हीमोग्लोबिन का स्तर घटने की स्थिति है। यह मुख्यत: आयरन और फोलिक एसिड की कमी से होता है। एनीमिया से महिलाओं में थकान, कमजोरी, चक्कर आना और गर्भावस्था के दौरान जटिलताएँ बढ़ जाती हैं। बच्चों में इसका असर जन्म के समय कम वज़न और मानसिक विकास में बाधा के रूप में दिखता है। आयरन की गोली नियमित अंतराल पर खाकर इसे आसानी से रोका जा सकता है।



## भाजपा क्षेत्रीय मुख्यालय में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का जन्मदिन

**» बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भाजपा क्षेत्रीय मुख्यालय में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का जन्मदिन मनाते भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह,पूनम द्विवेदी,अनीता गुप्ता सहित अन्य भाजपाई।

## ससुराल में प्रताड़ना से विवाहिता की बिगड़ी हालत, इलाज के दौरान मौत

कानपुर। ससुरालियों की प्रताड़ना से विवाहिता ने बिस्तर पकड़ लिया। परिजनों ने कई चिकित्सकों से इलाज कराया, लेकिन बचा नहीं सके। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज के लिए बेटी को कई दिन तक भूखा रखा जाता था। ससुरालीजन मारपीट कर ठंड में कमरे से बाहर निकाल देते थे।ई–पेपर सब्सक्रिप्शनपिटाई से दिमाग की नसों पर असर पड़ा। शनिवार विवाहिता की मौत होने पर परिजनों ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ नवाबगंज थाने में गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। नवाबगंज के ख्यौरा उजियारीपुरवा निवासी ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि नौ फरवरी 2023 को 31 वर्षीय बेटी अमिता की शादी मैनावती मार्ग स्थित आम्रपाली विहार के गौरव से की थी।शादी पर 25 लाख रुपये खर्च किए, उसके बाद भी दामाद गौरव, उसके पिता जितेंद्र, भाई–भाभी सौरभ व संध्या और ननद अमिता अतिरिक्त दहेज की मांग कर बेटी को प्रताड़ित करने लगे। शुरूआत में उसने परिजनों से कुछ नहीं बताया। जब उसके शरीर पर चोट के निशान देखकर संदेह हुआ तो वह सच छिपा न सकी। उसने परिजनों को बताया कि उसे दो–तीन दिन तक भूखा रखा जाता था।

# इंटरकास्ट मैरिज के चलते युवक की हत्या, भाई-भाभी व मां ने गला दबाकर उतारा मौत के घाट

**» बीपीएस न्यूज**

कानपुर। अंतरजातीय प्रेम विवाह करने पर मां व भाई–भाभी ने ही घर पर युवक की गला दबाकर हत्या की। फिर पहचान मिलाने के लिए चारपाई पर ही शव को आग लगाई। इसके बाद अधजला शव बोरे में भरकर चकेरी के मथुरापुर गांव के पास झाड़ियों में फेंका था। शव की शिनाख्त होने पर पिता ने परिजनों ने पर ही हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर गुत्थी सुलझी, जब मां–भाई ऑटो से उतरते दिखे। पुलिस ने सख्ती बरती तो तीनों टूट गए और हत्या कबूल की।



चकेरी के मथुरापुर गांव जाने वाली सड़क पर झाड़ियों में 22 सितंबर को बोरे में बंद युवक का अधजला शव मिला था। कई दिन प्रयास के बाद शव की शिनाख्त नहीं हुई तो पुलिस ने युवक की फोटो वायरल की। वायरल फोटो देखकर फतेहपुर के जलालपुर न्यूरी के प्रधान ने शव की शिनाख्त रामचंद्र पाल के बेटे मानस पाल के रूप में की थी। इसके बाद पुलिस ने फतेहपुर निवासी रामचंद्र पाल से संपर्क किया। रामचंद्र ने बताया कि वह मुंबई में काम करते हैं। उनका मकान सनिगवां के संदीपनगर में भी है।

घटना का खुलासा करते डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि संदीपनगर में रामचंद्र की पत्नी मंजू देवी, बड़ा बेटा प्रांजल उर्फ गोपी व बहू किरन रहती हैं। जबकि छोटा बेटा मानस ट्रक चालाता था और कभी गांव तो कभी सनिगवां में रहता था। डीसीपी ने बताया कि प्रांजल ने चार माह पहले किरन निषाद से अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। मानस इस शादी के विरोध में था। जिससे दोनों भाइयों में विवाद चलता था। मानस शराब का लती था, इसलिए आएदिन कलह की स्थिति बनी रहती थी। कलह के कारण ही मंजू देवी बड़े बेटे का पक्ष लेती थीं।

पुलिस के अनुसार 21 सितंबर को मानस गांव गया और उसने प्रधान से बड़े भाई व भाभी पर हत्या की आशंका जताई। एक दिन बाद ही उसकी मां मंजू, भाई प्रांजल व भाभी किरन ने उसककी गला दबाकर हत्या कर दी। शव को उसी चारपाई में बांधकर जला दिया। दुर्गंध आने पर अधजला शव बोरे में भरकर ऑटो से मथुरापुर गांव ले गए और झाड़ियों में फेंक दिया। शव की पहचान के बाद रामचंद्र ने पत्नी, बेटे प्रांजल व बहू किरन पर हत्या कर शक जताया और रिपोर्ट दर्ज कराई।

जांच में जुटी पुलिस ने जब घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक फुटेज में ऑटो से उतरते मंजू देवी व प्रांजल दिखा। इस पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया। सख्ती बरती तो हत्या का खुलासा हुआ। डीसीपी ने बताया कि मानस अंतरजातीय विवाह का विरोध कर रहा था। इस कारण ही प्रांजल ने उसे ठिकाने लगाने की योजना बनाई। मां भी उनके प्लान में शामिल हो गई। वह चारपाई पर लेटा था, तभी कहासुनी हुई और गला दबाकर हत्या कर दी। फिर अधजला शव ठिकाने लगाया। प्रांजल ने कहा, उसने हत्या नहीं की। सिर्फ शव फेंकने मां के साथ गया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेजा है। बेटे की हत्या के सवाल पर मंजू ने कहा कोई मां अपने बच्चे को मारती है क्या। वह नशे का लती था। वह बाजार नवरात्र के लिए केले लेने गई थीं। इधर उसने खुद आग लगा ली थी। फफक पड़ीं, कहा सब भगवान जानता है।




## नवरात्रि पर मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत 9 देवियों को विरासत का शस्त्र लाइसेंस प्रदान किया गया

**» बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शरद नवरात्रि के पावन अवसर पर मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज कलेक्ट्रेट सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा देवी स्वरूप 9 महिलाओं को उनके अपनों की स्मृति में विरासत का शस्त्र लाइसेंस प्रदान किया गया।

किसी की आंखों में आंसू छलक आए तो कोई खुशी से झूम उठा। वर्षों से लंबित पड़ी अपने पिता, पति या ससुर की स्मृतियों से जुड़ी हुई यह विरासत जब उन्हें सौंपी गई, तो उपस्थित सभी भाव–विभोर हो उठे।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा – फ्रयह शस्त्र लाइसेंस केवल सुरक्षा एवं आत्मरक्षा का प्रतीक है।

इसका प्रयोग सावधानीपूर्वक किया जाए और किसी भी परिस्थिति में इसका दुरुपयोग न हो, यह प्रत्येक की जिम्मेदारी है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य नारियों में सुरक्षा, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है।फ्र

इस अवसर पर विरासत शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने वाली देवियाँ

1. जया पाण्डेय, पत्नी स्व0 कृष्ण मोहन पाण्डेय
2. सुमन सिंह, पत्नी स्व0 गजेन्द्र सिंह
3. उषा सिंह, पत्नी स्व0 चन्दपाल सिंह
4. पुष्पा यादव, पत्नी श्री सत्य प्रकाश यादव
5. अरुणिका शर्मा, पुत्री श्री अनिल कुमार शर्मा
6. प्रीती सिंह, पत्नी स्व0 आनन्द सिंह
7. हेमलता, पत्नी श्री अनिल कुमार सिंह
8. अलका पाण्डेय, पत्नी श्री ब्रजेश पाण्डेय
9. संगीता सिंह, पत्नी स्व0 अजय प्रताप सिंह

शस्त्र लाइसेंस प्राप्त कर महिलाओं ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा –

हमें उम्मीद नहीं थी कि इतनी सहजता और पारदर्शिता के साथ हमें शस्त्र लाइसेंस प्राप्त होगा। प्रशासन द्वारा की गई इस पहल ने हमें न केवल सशक्त किया है, बल्कि हमारे आत्मविश्वास को भी और अधिक मजबूत बनाया है।

# थाने का भ्रमण कर छात्राओं ने जानी पुलिस की कार्यप्रणाली.






**» बीपीएस न्यूज**

उन्नाव ।महिलाओं की सुरक्षा ,सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत आज प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन के बच्चों को एस आर जी डॉ रचना सिंह के संयोजन में महिला थाना का भ्रमण करवाया गया ।

महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह ने उन्होंने बालिकाओं तथा महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी , बच्चों को एफ आई आर दर्ज कराने का तरीका बताया। आज जी आर एस की भी जानकारी दी गई।

पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बच्चों को थानों , पुलिस कंट्रोल रूम और 112 की कार्यप्रणाली के बारे में बताया।

बच्चों को महिला हेल्पडेस्क और शस्त्रों के बारे में बताया गया।

इस दौरान, बच्चों को यातायात नियमों, महिला अधिकारों और साइबर अपराधों के बारे में भी जागरूक किया गया, जिससे उनमें पुलिस और कानून के प्रति सम्मान और समझ की भावना विकसित हो सके। छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा के अनुसार पुलिस कर्मियों से विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह और पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्रा ने जवाब देकर छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर बच्चों को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर कहा गया कि जरूरत पड़ने पर इनका प्रयोग करें पुलिस सहायता तुरंत आपके पास होगी। बच्चों के साथ एस आर जी डॉ रचना सिंह, मुसर्रत फातिमा,विद्यालय की शिक्षिका नूपुर श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

# बहराइच में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत से मचा हड़कंप

## दो किशोरों की हत्या के बाद किसान ने खुद को परिवार समेत लगाई आग





» बीपीएस न्यूज

**लखनऊ/ बहराइच में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई है। एक ग्रामीण ने धारदार हथियार से वारकर दो किशोरों की हत्या कर दी और फिर परिवार सहित खुद को आग लगा ली। घटना में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं, मवेशी भी जिंदा जल गए।**

**» खेत में काम करने से मना किया तो किसान ने 2 किशोरों को मार डाला**

**» फिर पत्नी और बच्चियों संग दी जान, 6 की मौत**

बहराइच के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में बुधवार सुबह एक ग्रामीण ने दो किशोरों को खेत में लहसुन की बोवाई के लिए बुलवाया, सभी ने लहसुन की बोवाई से इनकार किया तो धारदार हथियार से वार कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद खुद को परिवार सहित कमरे में बंद कर आग के हवाले कर दिया। फायर ब्रिगेड और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में दंपती व दो बेटियों समेत चार लोग जिंदा जल गए, चार मवेशियों की भी झुलसकर मौत हुई है।

गांव निवासी विजय कुमार खेती बाड़ी और पशुपालन का काम करता था। बुधवार सुबह खेत में लहसुन की बोवाई के लिए विजय ने गांव निवासी सूरज यादव (14) पुत्र लच्छी राम और सनी वर्मा (13) पुत्र ओमप्रकाश को घर बुलवाया। दोनों ने नवरात्र का अंतिम दिन होने के चलते घर पर काम अधिक होने की बात कह कर खेत में काम करने से इन्कार कर दिया।

इसी बात से गुस्साए विजय ने अपने घर के आंगन में धारदार हथियार से दोनों की हत्या कर दी। इसके बाद विजय ने खुद को पत्नी व बेटियों सहित कमरे के अंदर बंद कर घर में आग लगा ली।आग लगने पर कमरे में बंद लोगों ने चीखना चिल्लाना शुरू किया। गांव के लोग दौड़े,

लेकिन आंगन में लहूलुहान दो लाशों को देखकर सभी के होश उड़ गए। उधर कमरे के अंदर आग की लपटों से घिरे लोग चीख चिल्ला रहे थे। सूचना पर फायर ब्रिगेड और रामगांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। रामगांव थाना अध्यक्ष ने बताया कि सूरज यादव और सनी वर्मा की धारदार हथियार से हत्या की गई है। कमरे के अंदर से विजय यादव उसकी पत्नी और दो बेटियों के शव निकाले गए हैं। उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकार महसी मौके पर पहुंचे हैं।



## दिल्ली में आफत की बारिश ने बिगाड़ा दशहरा का रंग, रावण के पुतलों को भारी नुकसान!

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद में हल्की बारिश और बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। इसके अलावा, गुजरात, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों और दक्षिणी क्षेत्र के लिए भी नए मौसम अलर्ट जारी किए गए हैं।दिल्लीवासियों को 1 अक्टूबर को हल्की बारिश और बूंदाबांदी की उम्मीद है। मौसम की स्थिति में बदलाव से तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आने की उम्मीद है, जिससे लंबे समय से चली आ रही गर्मी के बाद निवासियों को कुछ राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी में 1 अक्टूबर को आमतौर पर बादल छाए रहने और हल्की बारिश या बूंदाबांदी की भविष्यवाणी की है। साथ ही, अधिकतम तापमान 34-36एष्ट और न्यूनतम तापमान 25-27एष्ट के बीच रहने की उम्मीद है।मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में हुई भारी बारिश के कारण दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में जलभराव और ट्रैफिक जाम की सूचना मिली। मंगलवार तक, सुबह 8ः30 बजे से शाम 5ः30 बजे के बीच, शहर के प्राथमिक मौसम केंद्र ने 37.8 मिमी बारिश दर्ज की, जिससे अक्टूबर की बारिश अपने दीर्घकालिक मासिक औसत 15.1 मिमी से आगे निकल गई। बुधवार सुबह जारी होने वाले 24 घंटे के अंतिम आंकड़े के अनुसार, शहर में बारिश अक्टूबर के औसत से काफी अधिक रहने की उम्मीद है।

## दशहरा-दीपावली पर योगी सरकार का तोहफा, यूपीएसआरटीसी की एसी बसों में 10प्रतिशथ तक कम होगा किराया

» बीपीएस न्यूज



**लखनऊ। निगम की सकल आय पर असर न पड़े। इसके लिए बसों पर तैनात चालक-परिचालकों को प्रेरित कर अधिक यात्रियों को आकर्षित करने के लिए विशेष काउंसिलिंग की जाएगी।उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेशवासियों को दशहरा और दीपावली पर तोहफा दिया है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने वातानुकूलित बसों के किराए में की गई लगभग 10ब की कमी को अग्रिम आदेशों तक जारी रखा है।**

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया, योगी सरकार जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस निर्णय से यात्रियों को कम किराए में आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी। यह छूट जनरथ, पिंक, शताब्दी, वोल्वो, वातानुकूलित शयनयान जैसी सेवाओं पर लागू होगी। हालांकि, 01 जनवरी 2024 के बाद पंजीकृत नई वातानुकूलित बसों पर यह छूट लागू नहीं होगी।निगम की आय और सेवाओं पर ध्यान

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए कि निगम की सकल आय पर असर न पड़े। इसके लिए बसों पर तैनात चालक–परिचालकों को प्रेरित कर अधिक यात्रियों को आकर्षित करने के लिए विशेष काउंसिलिंग की जाएगी।

# झांसी जेल पहुंचा अतीक का बेटा अली

## बोला- परेशान करने के लिए बदली गई जेल, रास्ते में पीने को नहीं दिया पानी

» बीपीएस न्यूज

**झांसी। अली ने बताया कि नैनी सेंट्रल जेल में वह पूरे नियम कायदे के साथ रह रहा था। लेकिन परेशान करने के मकसद से उसे प्रयागराज से दूर झांसी भेजा गया। रास्ते भर में उसे पीने के लिए पानी तक नहीं दिया गया। कुख्यात माफिया अतीक अहमद का बेटा अली अहमद बुधवार दोपहर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच झांसी जेल शिफ्ट कर दिया गया।**





झांसी जेल पहुंचने पर मीडिया कर्मियों से बात करते हुए अली अहमद ने आरोप लगाया कि सरकार ने परेशान करने के लिए जानबूझकर उसकी जेल बदली है।

अली ने बताया कि नैनी सेंट्रल जेल में वह पूरे नियम कायदे के साथ रह रहा था। लेकिन परेशान करने के मकसद से उसे प्रयागराज से दूर झांसी भेजा गया। रास्ते भर में उसे पीने के लिए पानी तक नहीं दिया गया। नैनी सेंट्रल जेल में अधिवक्ताओं के सिवाय उससे कोई भी मिलने नहीं आता था। बुधवार दोपहर करीब 2ः35 बजे पुलिस जीप में अली अहमद झांसी जेल पहुंचा। यहां मीडिया कर्मियों का भारी जमावड़ा था। किसी तरह पुलिसकर्मी जेल का गेट खोलकर उसे भीतर ले गए। जेल के भीतर पहले उसकी आमद कराई गई। इसके बाद तलाशी लेकर भीतरी सेल में ले जाया गया। अभी उसे तन्हा बैरक में रखा जाएगा। वरिष्ठ जेल अधीक्षक विनोद कुमार के मुताबिक जेल नियमों के तहत ही उसे सेल के अंदर रखा जाएगा।

# बरेली बवाल- नफीस के बेटे फम्मू ने किया था आग में घी डालने का काम, पर्दे के पीछे से माहौल भड़काने का खेला खेल

» बीपीएस न्यूज







बरेली । बवाल में आईएमसी प्रवक्ता डॉ. नफीस के बेटे फरमान ने आईएमसी के फेसबुक पेज पर मौलाना के भड़काऊ वीडियो पोस्ट किए थे। अब उसकी भी गिरफ्तारी होगी। कोतवाली पुलिस ने विवेचना में फरमान और उसके पिता नफीस का नाम बढ़ा दिया है।

आईएमसी प्रवक्ता डॉ. नफीस के बेटे फरमान उर्फ फम्मू की भी बवाल में संलिप्तता के आधार पर गिरफ्तारी की जाएगी। जांच में सामने आया है कि फम्मू ने आग में घी डालकर माहौल भड़काने का काम किया। कोतवाली के मुकदमे में नाम बढ़ाकर उसे आरोपी बनाया गया है, अब उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।यूं तो डॉ. नफीस ही आईएमसी का प्रवक्ता व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है, लेकिन उम्रदराज होने के कारण संगठन में प्रवक्ता जैसा काम नफीस का बेटा फरमान उर्फ फम्मू देखने लगा है। कोतवाली पुलिस की जांच के मुताबिक फरमान ने बवाल के दौरान पर्दे के पीछे से माहौल भड़काने का खेल खेला था। आईएमसी का फेसबुक पेज और सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म फरमान ही अपडेट करता है।

सामान्य प्रेसनोट व मौलाना की तकरीर वही लिखता है। विवेचना में पता लगा कि शुक्रवार को सुबह से वह मौलाना के भड़काऊ बयान वाले पुराने वीडियो संगठन के सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर रहा था।

फरमान ने एक वीडियो शुक्रवार दोपहर में ऐसा भी डाला, जिसमें इस्लामिया मैदान में काफी भीड़ दिख रही थी। यह लाइव वीडियो की तरह चलाया जा रहा था जिससे शहर में आने वाली भीड़ भ्रमित होकर यहां आ जाए। इससे लोग भ्रमित हुए भी और पुलिस पर हमलावर हो गए। फरमान ने ही कार्यक्रम से पहले शुक्रवार को बरेली बंद की अपील का आह्वान करते हुए फेसबुक पर पोस्ट डाली थी।पुलिस की जांच में पता लगा है कि बृहस्पतिवार रात जब नफीस व नदीम ने मौलाना से फोन पर बातचीत के बाद जनता के शहर न आने संबंधी पत्र जारी किया तो उसे पुलिस प्रशासन के अफसरों को देने के साथ ही आईएमसी के व्हाट्सएप ग्रुप में डाल दिया। तब अधिकारियों ने अनुरोध किया कि इसे आईएमसी के फेसबुक पेज पर भी डाल दें। तब नफीस ने यह पत्र अपने बेटे को भेजकर संगठन के फेसबुक पेज पर अपलोड करने को कहा।

फरमान ने इस पत्र को अपलेड करके पोस्ट किया और उस पेज का स्क्रीनशॉट अधिकारियों को दे दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने इसी दौरान पांच मिनट बाद ही संगठन का फेसबुक पेज देखा तो वह पोस्ट फरमान डिलीट कर चुका था।

## 75 साल के बुजुर्ग ने तीन बच्चों की मां से रचाई शादी...सगरू राम की सुहागरात बनी आखिरी रात; सुबह होते ही मौत

» बीपीएस न्यूज

**जौनपुर। जौनपुर में बुजुर्ग ने तीन बच्चों की मां से शादी की थी। अगले दिन सुबह ही बुजुर्ग की मौत हो गई। दोनों ने सोमवार को मंदिर में हिंदू रीति रिवाज से शादी की थी।उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक बुजुर्ग की सुहागरात पर मौत हो गई। बुजुर्ग ने एक दिन पहले ही तीन बच्चों की मां से शादी रचाई थी।**



जानकारी के अनुसार, गौराबादशाहपुर थाना इलाके के कुछमुछ गांव में एक बुजुर्ग ने तीन बच्चों की मां से सोमवार को शादी रचाई। शादी के अगले दिन मंगलवार की भोर में उसकी तबीयत खराब हो गई। पड़ोसी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।सगरू राम (75) ने करीब 40 साल पहले बेलाव गांव की अनारी देवी के साथ शादी की थी। दोनों की कोई संतान नहीं थी। एक साल पहले अनारी देवी की बीमारी से मौत हो गई। इसके बाद से सगरू राम अकेले रहते थे।

ग्रामीणों के मुताबिक, सगरू के पास करीब दो बीघा जमीन और मकान था। उधर, मनभावती (35) के पति की मौत सात साल पहले बीमारी से हो गई थी। मनभावती की तीन संतान हैं। इस बीच सगरू और मनभावती एक–दूसरे के संपर्क में आए। बात आगे बढ़ने पर दोनों ने सोमवार को मंदिर में हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली। पत्नी के मुताबिक, रात में वह बेटी को लेकर अंदर सोने चली गई, जबकि सगरू राम दो बेटों के साथ बाहर सो गए।

भोर में उनकी तबीयत खराब हो गई। उनकी गर्दन टेढ़ी हो गई थी। यह देख पड़ोसी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। संगरू के भतीजे रोजगार के सिलसिले में दिल्ली में रहते हैं। थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि घटना की जानकारी है। मामले की जांच की जा रही है।बुजुर्ग और तीन बच्चों की मां के साथ शादी का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दोनों मंदिर में शादी करते हैं।

# रोज खाएं बादाम, सेहत बनेगी मजबूत हर रोज!

**बादाम में अक्सर पाएं जाने वाले पोषण लाभों के कारण सुपरफूड भी माना जाता है। आवश्यक विटामिन, खनिज और स्वस्थ फैट्स से भरपूर, ये छोटे-छोटे नट्स नियमित रूप से सेवन किए जाने पर ओवरऑल हेल्थ में काफी सुधार आता हैं।**

आप अपने मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना चाहते हों, हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाना चाहते हों या स्वस्थ वजन बनाए रखना चाहते हों, तो आप बादाम को आपके दैनिक आहार जरुर शामिल करें । इस आर्टिकल में हम आपको बादाम खाने के फायदे बताने जा रहे हैं, जिसे जानकार आप आज ही इसे डाइट में शामिल कर लेगी। बादाम ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं

भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामलों के साथ, हर एक चीज सोच-समझकर खाना बहुत जरूरी हो गया है। प्रोटीन और फाइबर से भरपूर बादाम स्वस्थ रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने के लिए बेहतरीन हैं।

खास तौर पर टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों के लिए, बादाम बेहतर रक्त शर्करा नियंत्रण में मदद करते हैं और कार्ब्स के ग्लाइसेमिक प्रभाव को कम करते हैं। हार्ट हेल्दी रहता है बादाम आपके दिल के सबसे अच्छे दोस्त हैं। शोध से पता चलता है कि संतुलित आहार के हिस्से के रूप में रोजाना मुट्ठी भर बादाम खाने से अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा मिल सकता है, पेट की चर्बी कम हो सकती है और आपकी कमर को कम करने में मदद मिल सकती है - जो बेहतर हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।





## इम्यूनिटी बूस्टर

बादाम में जिंक, कॉपर, मैग्नीशियम, आयरन और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है।

ये पोषक तत्व आपके शरीर की सुरक्षा को बढ़ाने और आपको स्वस्थ रहने में मदद करने के लिए मिलकर काम करते हैं। वास्तव में, स्नस्स्द्ध भी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्वस्थ संतुलित आहार में बादाम को शामिल करने की सलाह देता है।

एनर्जी प्रदान करता है क्या आप ऊर्जा की कमी महसूस कर रहे हैं? बादाम आपकी मदद कर सकते हैं।

हेल्दी फैट्स, प्रोटीन और फाइबर से भरपूर, ये आपको ऊर्जावान बनाए रखने के लिए एकदम सही हैं। तेज-तर्रार लाइफस्टाइल को देखते हुए, ये उन लोगों के लिए एकदम सही हैं जो चलते-फिरते एनर्जी बढ़ाना चाहते हैं।

*डिस्क्लेमर- इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।*

# हाथों की त्वचा बनेगी अब और भी चमकदार



**अगर आप भी हाथों की स्किन को टाइट और सुंदर करना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप सप्ताह में आप 2 दिन इस्तेमाल कर सकती हैं। जिससे आपके हाथों की स्किन टाइट होगी और हाथ भी सुंदर दिखेंगे।**

आजकल की भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल की वजह से खानपान और त्वचा से जुड़ी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। स्किन केयर के लिए महिलाएं कई महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन हाथों की केयर करने के बारे में भूल जाती हैं। जिसकी वजह से हाथों की स्किन ढीली और बेजान नजर आने लगती हैं। इस वजह से महिलाएं उम्र से पहले बूढ़ी नजर आने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी हाथों की स्किन को टाइट और सुंदर करना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप सप्ताह में आप 2 दिन इस्तेमाल कर सकती हैं।

जिससे आपके हाथों की स्किन टाइट होगी और हाथ भी सुंदर दिखेंगे। इस तेल से करें हाथों की मालिश बता दें कि बादाम स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है और बादाम का तेल स्किन के लिए लाभकारी होता है। बादाम के तेल में कई गुण और विटामिन पाए जाते हैं। बादाम का तेल स्किन की नमी बनाए रखने और त्वचा में कसाव लाने का काम करता है। ऐसे करें इस्तेमाल

सबसे पहले अपने हाथों को अच्छे से साफ कर लें। अब थोड़ा सा बादाम का तेल अपने हाथों में लें। फिर इस तेल से हाथों की अच्छे से मसाज करें। इस उपाय को सप्ताह में दो दिन जरूर करें। एलोवेरा जेल का करें इस्तेमाल एलोवेरा जेल में कई सारे गुण पाए जाते हैं और यह सभी गुण त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं।

एलोवेरा जेल में एंटी-ऑक्सीडेंट और मॉइस्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं। जोकि स्किन पर ग्लो लाने का काम करते हैं।

# आंवला जीरा का जादू, सेहत के लिए वरदान!

**सूखे आंवला पाउडर और जीरे का पानी का नियमित रूप से सेवन करने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार होता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सूखे आंवला पाउडर और जीरे के पानी के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।**


आयुर्वेद में सूखा आंवला पाउडर और जीरे के पानी को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। दरअसल, आंवला और जीरा दोनों ही प्राकृतिक तत्व और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, तो इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार होता है। इसके अलावा यह बालों और स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सूखे आंवला पाउडर और जीरे के पानी के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे बनाएं आंवला पाउडर और जीरे का पानी आंवला पाउडर - 1 चम्मच सूखा जीरा पाउडर - 1 चम्मच भुना हुआ पानी - 1 गिलास गुनगुना इन सभी चीजों को पानी में मिलाकर उबाल लें और फिर सुबह खाली पेट इसका सेवन करें।

सूखा आंवला पाउडर और जीरे का पानी पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। आंवले में फाइबर की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। वहीं जीरा गैस, एसिडिटी और अपच को ठीक करता है। ऐसे में अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट आंवला पाउडर और जीरा पानी पीते हैं, तो इससे पाचन संबंधी समस्या दूर होगी। इम्युनिटी आंवला विटामिन सी का मुख्य सोर्स है। यह शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है। आंवले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने का काम करते हैं। जीरा में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि इंफेक्शन से लड़ने में सहायता करता है। ऐसे में नियमित रूप से यह पीने से सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं कम होती हैं।

वेट लॉस अगर आप भी वेट लॉस करना चाहते हैं, तो सूखा आंवला पाउडर और जीरा पानी आपके लिए लाभकारी हो सकता है। आंवला मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और जीरा भी एक्स्ट्रा फैट कम करता है। साथ ही यह कॉम्बिनेशन भूख कम करने के साथ ही शरीर की एक्स्ट्रा चर्बी कम करने में सहायक है।डिटॉक्सिफिकेशन में लाभकारी आंवला और जीरा पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। आंवला लिवर को स्वस्थ रखता है और खून साफ करता है। वहीं जीरा भी शरीर के हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मददगार होता है। इसलिए रोजाना सुबह खाली पेट इसको पीने से बॉडी डिटॉक्स होता है और शरीर का एनर्जी लेवल बढ़ता है।स्किन और बालों के लिए फायदेमंद

आंवला में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह स्किन को ग्लोइंग बनाता है और झुर्रियों को भी कम करता है। दरअसल, आंवले में क्रोमियम नामक मिनरल पाया जाता है, जो ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में सहायता करता है। तो वहीं जीरा भी इंसुलिन सेंसिटिविटी को बेहतर करता है,





# निर्देशक सिद्धार्थ नागर टी वी श्रृंखला 'प्रतिबद्ध' की शूटिंग तेज गति से जारी..!

उपरोक्त पंक्तियां फिलवक्त लेखक, निर्माता व निर्देशक सिद्धार्थ नागर पर अक्षरशः फिट बैठती है। लगभग 3000 से अधिक प्रसारण अवधि के धारावाहिकों का निर्माण एवं निर्देशन कर चुके सिद्धार्थ नागर टी वी श्रृंखला

'प्रतिबद्ध' के साथ पुनः सक्रिय हो गए हैं। विदित हो कि पिछले पांच वर्षों के लंबे गैप, जिसकी वजह रही परिवार के अभिन्न अंग रहे सदस्यों का देहावसान और पारिवारिक समस्याओं से जुड़ी झंझानिल बयार को निर्देशक सिद्धार्थ नागर ने बखूबी झेला। प्रसार भारती ब्रॉडकास्टिंग कारपोरेशन द्वारा आरम्भ किये गए ओ.टी.टी.चैनल वेव्स के लिए टी वी श्रृंखला 'प्रतिबद्ध' के निर्माण की स्वीकृति के पश्चात लेखक, निर्माता, निर्देशक सिद्धार्थ नागर को अनुबंधित कर लिया गया है।

बताते चलें कि 'प्रतिबद्ध' का मुहूर्त वृन्दावन स्थित श्री बाँके बिहारी जी के चरणों में शीश नवाते हुए किया गया, तत्पश्चात मथुरा, आगरा, लखनऊ में शूटिंग के बाद मुंबई के विभिन्न लोकेशन साई कुटीर, पुष्पा बंगलो, एस जे स्टूडियो, फिल्म सिटी, चांदिवली स्टूडियो आदि में शूटिंग का कार्य प्रगति पर है। सार्थक चित्रम के बैनर तले बन रही 'प्रतिबद्ध' के सह निर्माता आकाश वशिष्ठ, दिनेश सहगल, कैमरामैन मुकेश शर्मा, एडिटर महेंद्र कुमार, रचनात्मक प्रमुख अर्चना सेकिया, निर्माण प्रमुख प्रवीण सोरते और कला निर्देशक महेंद्र राऊत हैं। पिछले दिनों अंधेरी (ईस्ट) मुंबई स्थित एस जे स्टूडियो में 'प्रतिबद्ध' के कई महत्वपूर्ण दृश्य अभिनेता

अयूब खान, राजू खेर, अविनाश सजवानी, यश सिंह, अक्षमा के अलावा हम लोग और बुनियाद के चर्चित अभिनेता अभिनव चतुर्वेदी पर फिल्माए गए। लगभग 35 साल बाद अभिनेता अभिनव चतुर्वेदी 'प्रतिबद्ध' की कास्ट में शामिल होकर अभिनय की दुनिया में पुनः कदम रख रहे हैं। 'प्रतिबद्ध' के अन्य प्रमुख कलाकार आस्था चौधरी, बृजेंद्र काला, किशोरी शहाणे, श्वेता रस्तोगी, दामिनी दवे, दीप्ति मिश्रा, अक्षिता अरोड़ा, प्रीति कोचर और लखनऊ की प्रतिष्ठित अभिनेत्री डॉ.अनीता सहगल आदि हैं।

**प्रस्तुति –काली दास पाण्डेय**



# खाद्य विभाग टीम द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए लगातार चलाया जा रहा अभियान

» **प्रतिष्ठानों/निर्माण स्थलों से 17 खाद्य नमूने संग्रहीत कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया**

» **संदेह होने पर सरसों का तेल, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल किया गया सीज**

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार आगामी नवरात्रि / दशहरा पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रवर्तन

अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य व्रत उपवास में प्रयोग होने वाले खाद्य पदार्थों—विशेषकर मिठाई, दुग्ध उत्पाद, दही, कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सूखे मेवे एवं फलाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा हानिकारक रसायनों से कृत्रिम रूप से पकाए गए फलों (जैसे केला) एवं अन्य खाद्य सामग्री के भंडारण एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगाना है।

सहायक आयुक्त (खाद्य)- संजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जनपद कानपुर नगर



में प्रवर्तन कार्यवाही की गई, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों/निर्माण स्थलों से कुल 17 खाद्य नमूने संग्रहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए।

**संग्रहीत नमूनों का विवरण**

सरसों का तेल – सरसौल, नौबस्ता, जूही
पनीर – श्याम नगर, काकादेव
खोया – सब्जी मंडी किदवई नगर
दही – काकादेव
बेसन – रावतपुर, जूही
घी एवं सोयाबीन ऑयल – जूही, साकेत नगर

रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत आवश्यकतानुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।




संदेह के आधार पर सीज की गई खाद्य सामग्री1236 लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल (अनुमानित मूल्य 1,86,750/-) – किदवई नगर
65 लीटर सरसों का तेल (अनुमानित मूल्य 9,750/-) – नौबस्ता

दोनों ही प्रकरणों में सामग्री को खाद्य कारोबारकर्ताओं की अभिरक्षा में सीज किया गया है।

आलू भंडारण केन्द्रों का निरीक्षण

हानिकारक रसायन/एसिड का प्रयोग कर आलू के छिलके पतले कर उन्हें कृत्रिम रूप से

रंगकर 'नई आलू' के रूप में विक्रय की शिकायतों के आधार पर जनपद स्थित विभिन्न कोल्ड स्टोरेज का भी निरीक्षण किया गया।निरीक्षण में ससीराज, सावरिया, सलूजा, राधारानी, आनंदेश्वर, बाबा नीम करोली, सुनील, माँ देव कुँवर, महाना एवं जगदीश कोल्ड स्टोरेज (जनपद के विभिन्न स्थानों पर) से रंगीन आलू नहीं पाया गया।

# ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के बीमार होने की खबर निराधार

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर प्रातः लगभग 08 बजे सहायक आयुक्त (खाद्य) के नेतृत्व व सहायक आयुक्त (खाद्य)- के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम अनिल कुमार एवं आशुतोष कुमार द्वारा सिविल लाइन्स स्थित होटल लैंडमार्क का सघन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा होटल के नोमिनी बलराम सिंह एवं होटल लैंडमार्क के जनरल मैनेजर सुरजीत सिंह रॉय को अपना नाम व पदनाम बताते हुए प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। होटल का मान्य खाद्य लाइसेंस प्रस्तुत किया गया तथा परिसर की साफ-सफाई एवं खाद्य पदार्थों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया।निरीक्षण उपरांत ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मैनेजर धवल परब को डिजिटल एवं प्रिंट मीडिया में प्रकाशित इस खबर — फ़ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी होटल लैंडमार्क का खाना खाने से बीमारफ़ — से अवगत कराया गया। इस पर टीम मैनेजर परब ने स्पष्ट किया कि खिलाड़ी हेनरी थार्नटन की तबीयत पहले से कुछ खराब थी और यह समस्या होटल के भोजन से संबंधित नहीं है।होटल प्रबंधन द्वारा भी पुष्टि की गई कि खिलाड़ियों के लिए परोसे जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थ की गुणवत्ता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिसकी नियमित निगरानी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम कर रही है।निरीक्षण के दौरान खिलाड़ियों को परोसे जा रहे अरहर दाल, मटर पनीर, चावल, ग्रिल्ड चिकेन एवं ड्राई फ्रूट का नमूना जांच हेतु संग्रहीत कर प्रयोगशाला को भेजा जा रहा है।इस प्रकार समाचार पत्रों एवं डिजिटल मीडिया में प्रकाशित खबरें भ्रमित करने वाली एवं निराधार पाई गईं। होटल का निरीक्षण संतोषजनक पाया गया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मैनेजर ने स्वयं स्पष्ट किया कि किसी भी खिलाड़ी की तबीयत होटल के भोजन से खराब नहीं हुई है।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत छात्राओं को बैंकिंग एवं डाकघर की कार्यप्रणाली से कराया गया अवगत

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद के सभी 21 राजकीय विद्यालयों में कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किए गए। इस दौरान छात्राओं को बैंक और डाकघर से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, प्रपत्रों तथा सेवाओं की जानकारी दी गई।

राजकीय हाईस्कूल कोरथा की 20 छात्राओं को बैंक ऑफ बड़ौदा, भीतरगांव शाखा का भ्रमण कराया गया, जहाँ बैंक प्रबंधक द्वारा खाता खोलने, पैसा जमा करने और निकालने की प्रक्रिया समझाई गई। राजकीय हाईस्कूल बदलेसिमनपुर की छात्राओं को यूपी. ग्रामीण बैंक, नवेरी में ले जाकर बैंकिंग की जानकारी दी गई। इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विजयनगर की छात्राओं को डाकघर विजयनगर में खाता खोलने एवं लेन-देन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, चुन्नीगंज की 50 छात्राओं को बैंक ऑफ बड़ौदा चुन्नीगंज शाखा में प्रपत्र भरने की विधि सिखाई गई। जीआईसी बिधनू की छात्राओं को एसबीआई बिधनू शाखा का भ्रमण कराया गया, जहाँ शाखा प्रबंधक ने खाता खोलने, पैसा जमा करने एवं आहरण करने की जानकारी दी। इसी क्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नरवल की छात्राओं को पोस्ट ऑफिस नरवल ले जाकर बचत खाता खोलने एवं विभिन्न डाकघर योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।राजकीय बालिका इंटर कॉलेज घाटमपुर की छात्राओं ने बैंक ऑफ बड़ौदा, घाटमपुर शाखा का भ्रमण किया और एफडी, आरडी, जीरो बैलेंस खाता खोलने, पैसा जमा करने एवं निकालने की विधि



सीखी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सिंहपुर की छात्राओं को बैंक ऑफ बड़ौदा, सिंहपुर (कल्याणपुर) शाखा में बैंक संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इसी तरह राजकीय हाईस्कूल राधन, जहांगीराबाद, आलियापुर, ककरहिया, तिलहरी और रामपुर भीमसेन में भी कार्यक्रम संपन्न हुए।

इस कार्यक्रम में कुल लगभग 350 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिला समन्वयक डॉ. भावना शुक्ला तथा जिला नोडल अधिकारी डॉ. गरिमा मिश्रा ने सभी विद्यालयों को सफल आयोजन हेतु बधाई दी तथा विद्यालयों की नोडल शिक्षिकाओं हिना श्रीवास्तव, दीप्ति वर्मा, कंचन वर्मा, ऊषा दिवाकर, शिल्पी गुप्ता, नीतू शुक्ला, रश्मि, आराधना, वंदना एवं आस्था आदि के योगदान की सराहना की।

इसी क्रम में, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार आज दिनांक 29 सितम्बर 2025 को फ़मिशन शक्तिफ़ अभियान के अंतर्गत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, कानपुर नगर द्वारा 22,515 लोगों की सहभागिता के साथ 1,955 कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में गोष्ठी, रैली, कन्या भोज, किशोरी जागरूकता, स्वच्छता जागरूकता, पोषण परामर्श, निजी सुरक्षा, शिक्षा का महत्व, शिशु सुरक्षा आदि विषयों पर विविध गतिविधियाँ संपन्न कराई गईं।

शहर प्रथम एवं द्वितीय परियोजना में कार्यक्रमों की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती पूनम द्विवेदी रहीं। परियोजना सरसौल में ग्राम प्रधान श्री मोहन सिंह एवं परियोजना पतारा में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती कोमल सिंह मुख्य अतिथि रहीं। परियोजना बिधनू में पुलिस विभाग तथा परियोजना कल्याणपुर में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर आईसीडीएस के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी कार्यक्रमों में मिशन शक्ति से जुड़े लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु शपथ दिलाई गई और कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुए।

# महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण कार्यालय एक नवीन मार्केट मे भारत की आज़ादी के बापू और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओ ने अपने विचार रखे। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को गाली अपमानित करने वाले सत्ता मे बैठ कर देश की इंसानियत और भाई चारा खत्म कर रहे है और ईश्वर के दूत और ईश्वर के मानने वाले लोगों का जो अपने ही देश के संविधान और कानून द्वारा दी गई आज़ादी को मानने



वालों का अपमान और बुलडोजर की कारवाही करके दोयम दर्जे का नागरिक बनाया जा रहा है।संविधान मे दिये गए वोट के अधिकारों को और चुनाव जैसी पवित्र प्रक्रिया को खत्म किया जा रहा है। भारत देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्रिक देश है इसी गाँधी का देश है जिसको भाजपा की सरकार हिटलर शाही, तानाशाही से खत्म करना चाहती है आज दुनियाँ मे भारत देश को गाँधी का देश अहिंसा का देश और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक इंसाफ पहुंचाने वाले देश की मूल्यों मे गिरावट देखी जा रही है।बैठक मे मुख्य रूप से महासचिव जितेंद्र कटियार, उपाध्यक्ष मगन सिंह भदोरिया, उपाध्यक्ष योगेंद्र कुश्वहा, हरि प्रसाद कुश्वहा, एडवोकेट सोमेंद्र शर्मा, अनिल सोनक वारसी, अनिल सोनकर, वीरेंद्र सिंह पटेल, राहुल सविता, रितेश सोंनकर हीरेंद्र सिंह सेंगर, आदर्श द्वेदी, अभिषेक कटियार, नरेंद्र यादव, महिला सभा अध्यक्ष अर्चना रावल आदि उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से इलेक्ट्रीशियन की मौत, मचा कोहराम

कानपुर। चमनगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात नाला रोड पर खड़े ग्वालटोली निवासी इलेक्ट्रीशियन घनश्याम वर्मा (57) की तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से मौत हो गई। उनके इकलौते बेटे अंकित वर्मा ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की रात नौ बजे पिता बहन नेहा के साथ स्कूटी से मीट लेने चमनगंज के नाला रोड पर गए थे। सामान लेने के बाद पिता सड़क किनारे खड़े थे और बहन स्कूटी स्टार्ट कर रही थी। तभी चमनगंज की ओर से आए ई-रिक्शे से टक्कर हो गई। ई-रिक्शा चालक हादसे के बाद सीसामऊ बड़ा चौराहा की ओर भाग निकला। परिजन उन्हें हैलट अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बेटे का आरोप है कि हादसे के बाद आरोपी ई-रिक्शा चालक को थाने के पास कुछ लोगों ने पकड़कर छोड़ दिया था। मृतक की पत्नी मुन्नी देवी और बेटी पूजा शव से लिपटकर बिलख पड़ीं।

# जय लंकेश कटे कलेश मिटे क्लेश,भाई मत फूंको रावण नहीं तथागत है

## अशोक विजयाधम्म दिवस के दिन सम्राट अशोक एवं महामानव रावण की आरती की गई



कानपुर। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी आज भारतीय दलित पैथर कार्यालय मैकराबर्टगज कानपुर में अशोक विजयाधम्म दिवस के दिन सम्राट अशोक एवं महामानव रावण की आरती की गई और भारत को बौद्धमय बनाने का संकल्प लिया गया।भारतीय दलित पैंथर के प्रान्तीय अध्यक्ष धनीराम पैथर ने बताया कि कृषि मण्डी समिति पुखरायाँ कानपुर देहात में अम्बेडकर मेला एवं बौद्ध धम्म दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें लगभग 10000 लोग हिन्दू धर्म को छोड़कर बौद्ध धर्म की दीक्षा लेंगे धम्म दीक्षा पूज्य दीप रत्न के द्वारा सम्पन्न होगा, जिसमे मुख्य अतिथि डॉ0 बी0पी0 अशोक (पूर्व आई0पी0एस0),मुख्य वक्ता हृदय लाल मौर्य जी (अधिवक्ता उच्च न्यायालय प्रयागराज), अध्यक्षता मा0 बिलास खरात (राष्ट्रीय अध्यक्ष मुम्बई) आदि लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।पैंथर धनी राव बौद्ध के नेतृत्व में भव्य शोभा यात्रा मैकरावटगंज भारतीय दलित पैचर कार्यालय कानपुर नगर से प्रारम्भ हुई जिसमें लगभग 100 चार पहिया वाहन शोभायात्रा में शामिल हुए जो कृषि मंडी समिति पुखरायां कानपुर देहात शोभा यात्रा में शामिल होगी।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव मोहन,साजिद सर, कोमल सिंह, कुमार सुन्दरम्, शैलेन्द्र कुमार, राजेश गौतम,डॉ0 सुभाष चन्द्रा,आर0ए0 गौतम, राजेन्द्र कुमार, राधेश्याम भारती, बबली गौतम सोहन भारती, नरेश कुमार, डॉ0 जे0आर0 बौद्ध, शिव प्रताप बौद्ध, राजेश, निर्मल कुमार, प्रभु दयाल आदिम, रंजीत निषाद, राहुल गौतम, शुभम कटियार, सरवन कैसा, जावेद भाई, रीतेश, मनीराम सोनकर, मोहन पासवान, आशीष गुप्ता, महावीर कुरील, अभी बहुजन, पंकज, कमल, मनीष राणा, परशुराम कुरील, अजय वर्मा, अंकित, दीपू कुशवाहा, राम चन्द्र निषाद, जीतू कैश्वाल, विनोद कुमार, अशोक कुमार, आकाश सिंह बादल, रानी दिवाकर, रोशन साहू, सोनू टी-स्टाल, भारत प्रसाद, सुशील गौतम, दीपक राज, गेंदा प्रसाद गोंड़ आदि लोग उपस्थित रहे।

# ग्रीनपार्क में दिखा क्रिकेट का जुनून, पहुंचे 20 हजार से अधिक दर्शक

कानपुर। ग्रीनपार्क एक बार फिर क्रिकेट प्रेमियों के जोश और उमंग से सराबोर हो उठा। भले ही यह अनौपचारिक भारत-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए टीमों के बीच खेली गई सीरीज रही लेकिन कानपुरवासियों ने इसे किसी अंतरराष्ट्रीय आयोजन की तरह यादगार बना दिया। तीन मैचों की इस रोमांचक सीरीज में 33 लाख रुपये से अधिक मूल्य के टिकट बिके।रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में लगभग 20 हजार दर्शकों की रिकॉर्ड उपस्थिति दर्ज की गई। मैच के दौरान महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी अपनी-अपनी सीटों से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते नजर आए।सी-बालकनी, ई-पब्लिक, बी-गर्ल्स, पवेलियन-ए, वीआईपी स्टैंड और डायरेक्टर गैलरी में तिरंगे झंडों की लहर और डीजे पर बजते देशभक्ति गीतों ने माहौल को और भी ऊर्जावान बना दिया। टूर्नामेंट डायरेक्टर




डॉ. संजय कपूर ने बताया कि दर्शकों का उत्साह इस आयोजन की असली सफलता रहा।उन्होंने कहा कि तीनों मैचों में कुल 13,227 टिकट बिके जिनसे 33 लाख 66 हजार 891 रुपये की आमदनी हुई। फाइनल मुकाबले में 6,241 टिकट की बिक्री से 16 लाख 63 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई।

# विधायक अमिताभ बाजपेई की मौजूदगी में रोडवेज कर्मचारियों ने दिया गया धरना व ज्ञापन सौंपा

कानपुर। कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड, फजलगंज डिपो में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की नौकरी पर संकट को लेकर उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ से संबंधित भारतीय मजदूर संघ एवं भारतीय परिवहन मजदूर महासंघ का धरना दसवें दिन भी जारी रहा। पिछले 15 वर्षों से संविदा पर कार्यरत चालक, परिचालक एवं अन्य स्टाफ सीएनजी बसों का संचालन कर रहे थे। लेकिन अब बसों की आयु पूर्ण होने एवं संचालन बंद होने के कारण सभी कर्मचारियों को बिना किसी नोटिस के बेरोजगार कर दिया गया।



इससे कर्मचारियों और उनके परिवारों पर गंभीर आर्थिक संकट और भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।बेरोजगार हो रहे कर्मचारियों के परिवारों को आर्थिक सहायता एवं वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए। धरने के दौरान कर्मचारियों ने अपना ज्ञापन अध्यक्ष अभिनव शुक्ला और मंत्री रविशंकर पांडे के नेतृत्व में सौंपा। इस मौके पर आर्यनगर विधायक अमिताभ बाजपेई भी उपस्थित रहे। उन्होंने कर्मचारियों से ज्ञापन ग्रहण कर आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान शीघ्र कराया जाएगा।

# चोर के पिता के पास से गहने व नकदी बरामद, बैंक मैनेजर की मां के घर हुई थी 25 लाख से अधिक की चोरी

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। रतनलाल निवासी बैंक मैनेजर की मां के घर बीते छह सितंबर को हुई 25 लाख से अधिक की चोरी में पुलिस ने आरोपी चोर बब्बी के सौतेले पिता धर्मेंद्र सिंह को भी गहने और 48500 रुपये की नकदी समेत गिरफ्तार किया है। गोविंदनगर पुलिस ने उसे रविवार को गुजैनी हाईवे से पकड़ा। वह हमीरपुर के मौदहा का रहने वाला है।

छह सितंबर की रात रतनलालनगर निवासी बैंक मैनेजर इंदरप्रीत चावला के घर में बेटी के जन्मदिन की पार्टी थी। इलाके में ही रहने वाली उनकी मां, मामा और बहन पार्टी में शामिल होने आए थे। इस बीच उनके घर में दाखिल हुए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया था। रात करीब एक बजे लौटने पर घर वारदात का पता चला। 13 सितंबर को पुलिस ने दबौली गांव निवासी छोटू उर्फ करिया और बिधनू के जमरई दलनपुर निवासी बब्बी सिंह उर्फ कुलदीप सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।सीडीआर की जांच में आरोपियों की धर्मेंद्र से कई बार बात होने और लोकेशन मौदाहा में मिलने के बाद पुलिस ने दबिश दी लेकिन वह भाग निकला। गोविंदनगर कार्यवाहक थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र दबौली गांव में छोटू के परिजनों को जमानत के लिए रुपये देने आया था। तभी उसे गुजैनी हाईवे से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से सोने के दो कंगन, एक जोड़ी टूटे कान के टॉप्स और 48,500 रुपये बरामद हुए।



# श्रीमद् भागवत कथा में रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालू कर रहे कथा का रसपान





» बीपीएस न्यूज

कानपुर। राजेन्द्रपुरम सिंगिंग स्कूल में विशाल श्रीमद् भागवत कथा आयोजन किया गया। इस दौरान आचार्य पंडित आनंद तिवारी ने बताया कि एक साप्ताहिक कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें 3 अक्टूबर से कलश शोभा यात्रा के साथ कथा का आयोजन किया गया है।वृंदावन से पधारे आचार्य पंडित अनंत अवस्थी जी महाराज अपने श्री मुख से कथा का व्याख्यान कर रहे हैं। जिसमे लगभग हजारों की संख्या में श्रद्धालु रोजाना कथा का रसपान कर रहे है। सांयकाल 4:00 बजे से कथा प्रारंभ हो जाती है। 9 अक्टूबर को कथा का समापन हवन व भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्रीय लोग इस मंगल कार्य में उपस्थित होकर अपने जीवन को धन्य बनाए।

### मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा व स्वावलंबन के विषय में किया गया जागरूक

कानपुर। मिशन शक्ति 5 के तहत कमिश्नरेट कानपुर नगर के दक्षिण जोन में पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी व अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण योगेश कुमार द्वारा थाना किदवई नगर अंतर्गत कानपुर कन्या महाविद्यालय में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा व स्वावलंबन के विषय में जागरूक किया। बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर (1090, 1076, 1098, 112, 181) व ऐप की जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, महिला सशक्तिकरण अभियान तथा राज्य सरकार की योजनाओं (सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना) एवं विभिन्न संरक्षण अधिनियमों के बारे में बताया गया। महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन भी दिया गया। मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त बाबूपुरवा, प्रभारी निरीक्षक बाबूपुरवा, पिंक चौकी प्रभारी, एंटीरोमियों टीम आदि मौजूद रहे।



# डीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्वालटोली का किया औचक निरीक्षण

## मेडिकल ऑफिसर समेत तीन स्वास्थ्यकर्मी मिले अनुपस्थित

» सभी अनुपस्थित कार्मिकों के एक दिन का वेतन काटने का निर्देश, साथ ही मेडिकल ऑफिसर का अक्टूबर का वेतन बाधित



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने प्रातः नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्वालटोली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल ऑफिसर सहित तीन स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित कार्मिकों के एक दिन का वेतन काटने के साथ ही मेडिकल ऑफिसर का अक्टूबर माह का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी प्रातः 10:40 पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्वालटोली पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम उपस्थिति पंजिका की जांच की। मेडिकल ऑफिसर डॉ पल्लवी चौरसिया बीएसडब्लू अर्पित दीक्षित तथा नितिन कुमार अनुपस्थित मिले। स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एक अन्य चिकित्सक डॉ शिवाय गुप्ता आकस्मिक अवकाश पर थे। डीएम ने ओपीडी रजिस्टर की जांच की जिसमें स्पष्ट हुआ कि 29 सितंबर के बाद एक भी मरीज की ओपीडी दर्ज नहीं की गई। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की।डीएम ने वैक्सीन भंडारण केंद्र एवं औषधि वितरण केंद्र का भी निरीक्षण किया। कुछ मरीजों ने अस्पताल के पैथोलॉजिस्ट के अवकाश पर होने की वजह से जांच नहीं होने की शिकायत की। जिस पर डीएम ने निकटवर्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से पैथोलॉजिस्ट को तत्काल बुलाकर जांच कराने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सख़्त लहजे में कहा कि जनहित से जुड़ी सेवाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों को समय पर उपचार और जांच उपलब्ध कराना हर स्वास्थ्यकर्मी का दायित्व है और इसमें ढिलाई पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# दिखने लगा चौपाल का असर-आई शिकायत हुआ निस्तारण, जन चौपाल में 175 में से 102 शिकायतों का हुआ तत्काल समाधान



» 10 ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों में हुआ जन चौपाल का आयोजन

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर नगर के नेतृत्व में शासन की मंशा फ़गांव की समस्या, गांव में समाधानफ़ के अनुरूप जनपद की 10 ग्राम पंचायतों (प्रत्येक विकास खण्ड से 01) में तृतीय जन चौपाल का आयोजन किया गया।

जन चौपालों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया और अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखीं। चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी, आवेदन की प्रक्रिया एवं ग्रामों में अब तक हुई प्रगति से जन समुदाय को अवगत कराया गया।

चौपालों में साफ-सफाई अभियान, मनरेगा कार्यों, मजदूरी भुगतान, महिला मेट व समूह गतिविधियों, पंचायत विभाग द्वारा वित्त आयोग की धनराशि से कराए गए कार्य, ग्राम पंचायत में लगी लाइटें, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, जल निकासी, नाली, सड़क/संपर्क मार्ग, गौ आश्रय स्थल, स्कूल भवन एवं संचालन, एमडीएम, सिंचाई व्यवस्था, संचारी रोग नियंत्रण, टीकाकरण, राशन वितरण, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, हर घर नल से जल, आंगनबाड़ी व एएनएम केंद्र, पेंशन तथा छात्रवृत्ति आदि का निरीक्षण भी किया गया।

### शिकायतों का मौके पर निस्तारण

कल्याणपुर ब्लॉक, ग्राम पंचायत गढ़ी - 13 में से 10 शिकायतों का निस्तारणसरसौल ब्लॉक, ग्राम पंचायत सलेमपुर - 10 में से 07 शिकायतों का निस्तारणभीतरगांव ब्लॉक, ग्राम पंचायत सिकहुला - 19 में से 07 शिकायतों का निस्तारण

घाटमपुर ब्लॉक, ग्राम पंचायत परास - 30 में से 08 शिकायतों का निस्तारणपतारा ब्लॉक, ग्राम पंचायत बरनांव - 55 में से 31 शिकायतों का निस्तारणविधनू ब्लॉक, ग्राम पंचायत घुरूआखेड़ा - 10 में से 09 शिकायतों का निस्तारण चौबेपुर ब्लॉक, ग्राम पंचायत अमिलिहा - 05 में से 04 शिकायतों का निस्तारणशिवराजपुर ब्लॉक, ग्राम पंचायत बैरी - 08 में से 08 शिकायतों का निस्तारण

बिल्हौर ब्लॉक, ग्राम पंचायत शिवराजपुर उर्फ शिवदत्तापुर - 17 में से 14 शिकायतों का निस्तारण

ककवन ब्लॉक,

ग्राम पंचायत उड्डा - 08 में से 04 शिकायतों का निस्तारणकुल मिलाकर 175 प्राप्त शिकायतों में से 102 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

प्रमुख शिकायतें पेंशन का नियमित भुगतान न होना, जल निकासी की समस्या, मार्ग निर्माण, कूड़ा निस्तारण, राजस्व, विद्युत, पाइप पेयजल एवं आवास मांग से जुड़ी रहीं।

कानपुर नगरवासियों को करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएं




कानपुर नगरवासियों को करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएं




कानपुर नगरवासियों को करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएं







बीपीएस न्यूज
(साप्ताहिक समाचार पत्र)
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, संपादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com, info@bpsnews.in , www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओ की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनो के अंदर भेजे।